संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार 07 नवंबर 2026 | ₹2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके परिवार ने मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 20 अंक: 309 पृष्ठ: 12

RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group






सभी देशवासियों को

दीपावली,

भैयादूज एवं छठ पर्व

की हार्दिक शुभकामनाएं




aap
AAM AADMI PARTY

नेहा अग्रवाल
निगम पार्षद
वार्ड नं. 14, धीरपुर

डा. प्रदीप अग्रवाल
सदस्य (रा.स.स.), विद्युत आयोग, दिल्ली सरकार
पूर्व चेयरमैन, पैरामेडिकल बोर्ड, दिल्ली सरकार

उत्तर भारत
ACTION INDIA
नई दिल्ली, 07 नवंबर 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

अब कोई भाई-भतीजावाद नहीं, 25 करोड़ जनता ही परिवार: योगी

पुलिस विभाग में 4,543 नवचयनित उपनिरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने, सीएम बोले- पहले आवेदन कोई करता था, परीक्षा कोई देता था और नौकरी किसी तीसरे को मिलती थी, साढ़े नौ साल में 9.5 लाख से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी, अकेले पुलिस में 2.30 लाख भर्तियां

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस बल में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 4,543 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने दो टूक कहा कि उत्तर प्रदेश में अब भाई-भतीजावाद नहीं चलेगा। प्रदेश की 25 करोड़ जनता ही हमारा परिवार है और सरकार सभी के साथ समान व्यवहार करेगी। नियुक्ति की प्रक्रिया में किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। योग्यता और मेरिट के आधार पर प्रदेश के हर युवा को अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में भर्ती की स्थिति ऐसी थी कि आवेदन कोई करता था, परीक्षा कोई दूसरा देता था और नियुक्ति पत्र किसी तीसरे को मिल जाता था। भर्ती के नाम पर सैफई सिंडिकेट का बोलबाला था। हमारी सरकार ने उस व्यवस्था को समाप्त कर पारदर्शी चयन प्रक्रिया स्थापित की है।

मुख्यमंत्री ने पूछे तीन सवाल

मुख्यमंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों से सीधे संवाद करते हुए तीन सवाल पूछे। कहा कि क्या आपमें से किसी को चयन के लिए किसी की सिफारिश कराने की नौबत आई? क्या किसी ने आपसे किसी प्रकार का लेन-देन किया या धनराशि का प्रस्ताव रखा?



डबल इंजन सरकार नहीं आती तो पारदर्शी भर्ती दिवास्वप्न होती: सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार नहीं आई होती, तो पारदर्शी और ईमानदार भर्ती प्रक्रिया संपन्न होना एक दिवास्वप्न जैसा होता। वर्ष 2003 से 2017 के बीच ऐसी अनेक नियुक्तियां हुईं, जिनमें आवेदन किसी ने किया, परीक्षा किसी और ने दी और नौकरी किसी तीसरे व्यक्ति को मिल गई। ऐसे कई मामले आज भी न्यायालयों में लंबित हैं। चिंता यह है कि वर्षों बाद यदि न्यायालय ऐसे मामलों में नियुक्तियां समाप्त करने का आदेश देता है तो उन युवाओं का क्या होगा, जिन्होंने इतने वर्षों तक सेवा की है? जिन बेईमान लोगों ने तब नौजवानों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया, उनकी पूरी संपत्ति जब्त होनी चाहिए। हमने 2017 में ही तय किया था कि चयन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी और किसी प्रकार का भाई-भतीजावाद या भेदभाव नहीं होगा।

भैया दूज के बाद फिर बटेंगे नियुक्ति पत्र, शिक्षा, पुलिस, राजस्व में युवाओं को मिलेगी नौकरी: मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में युवाओं को सरकारी नौकरी देने और नियुक्ति पत्र वितरित करने का सिलसिला बिना रुके जारी रहेगा। दीपावली के बाद भैया दूज के अगले दिन राजस्व विभाग के 1,200 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इसके बाद होमगार्ड, पुलिस और शिक्षा विभाग के चयनित युवाओं को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि वह तीसरी बार भी आएंगे और युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम आगे बढ़ाएंगे। दीपावली से पहले धनतेरस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स, लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस के 4,543 नवचयनित उपनिरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को अवसर देने के अपने कर्तव्य का लगातार निर्वहन करेगी। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र वितरण का यह अभियान बिना रुके, बिना डिगे और बिना झुके आगे बढ़ेगा। सरकार का उद्देश्य प्रदेश की प्रतिभा को अवसर देना और युवाओं की ऊर्जा का लाभ उत्तर प्रदेश की समृद्धि के लिए उठाना है।

भैया दूज के बाद राजस्व विभाग से शुरू होगा अगला चरण

मुख्यमंत्री ने आगामी नियुक्तियों का विवरण देते हुए बताया कि दीपावली के बाद भैया दूज के अगले दिन राजस्व विभाग के 1,200 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के माध्यम से होमगार्ड भर्ती की प्रक्रिया पूरी की गई है।

चयनित अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में 32 हजार कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। फिलहाल अभ्यर्थियों के सत्यापन का कार्य चल रहा है। सत्यापन पूरा होने के बाद नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

दीपावली पर राज्य कर्मचारियों को योगी सरकार का तोहफा, सीएम ने दी 30 दिन के बोनस की स्वीकृति

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए वर्ष 2025-26 के लिए 30 दिन का तदर्थ बोनस देने की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले का लाभ पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों के साथ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और सरकारी विभागों में कार्यरत पात्र कर्मचारियों को भी मिलेगा। शासनादेश के अनुसार, बोनस की गणना के लिए अधिकतम मासिक वेतन 7,000 रुपये तय किया गया है। इसके आधार पर पात्र कर्मचारियों को अधिकतम 6,908 रुपये बोनस मिलेगा। इसका लाभ उन्हीं कर्मचारियों को मिलेगा, जिन्होंने 31 मार्च 2026 तक एक साल की लगातार सेवा पूरी कर ली है। वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 तक के अराजपत्रित कर्मचारी इसके दायरे में आएंगे।

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी बोनस

योगी सरकार ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी बोनस देने का फैसला किया है। इसके लिए छह दिन के कार्य सप्ताह वाले कार्यालयों में कर्मचारी का लगातार तीन साल तक काम करना और हर साल कम से कम 240 दिन कार्य करना जरूरी है। पांच दिन के कार्य सप्ताह वाले कार्यालयों में हर साल कम से कम 206 दिन काम करने की शर्त है। ऐसे कर्मचारियों को अधिकतम 1,184 रुपये बोनस मिलेगा। बोनस की कुल राशि का 75 प्रतिशत हिस्सा कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खाते में जमा किया जाएगा, जबकि 25 प्रतिशत राशि नकद दी जाएगी। जिन कर्मचारियों का पीएफ खाता नहीं है, उन्हें नियमानुसार एनएससी या पीपीएफ के माध्यम से यह राशि दी जाएगी। वहीं, 31 मार्च 2026 के बाद सेवानिवृत्त हो चुके या 30 अप्रैल 2027 तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को बोनस की पूरी राशि नकद दी जाएगी। शासनादेश के अनुसार, वर्ष 2025-26 में विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई या आपराधिक मुकदमे में दोषी पाए गए कर्मचारियों को बोनस नहीं मिलेगा।

रुपये ने डॉलर की तुलना में लगाई जोरदार छलांग, मजबूती के साथ बंद हुई भारतीय मुद्रा

मजबूती

डॉलर की मांग में तेजी आने के चलते रुपया फिसलकर 94.51 के इंट्रा-डे लोअर लेवल तक भी चला गया था

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। घरेलू विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में आज भारतीय मुद्रा रुपये ने शुरूआती कमजोरी को पूरी तरह से धोते हुए जोरदार छलांग लगाई और पिछले बंद भाव के मुकाबले 56 पैसे की भारी-भरकम मजबूती के साथ 93.91 प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। 12 अक्टूबर के बाद से यह रुपये में आई एक दिन की सबसे बड़ी तेजी है। आज के कारोबार में भारतीय करेंसी इंट्रा-डे में 93.82 रुपये प्रति डॉलर के स्तर को टच करके छह महीने के उच्चतम स्तर पर भी पहुंची। माना जा रहा है कि घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की वापसी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत में आई नरमी के सपोर्ट से रुपया आज एशिया में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बनकर उभरा। हालांकि, आज सुबह इंटर बैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपये की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। भारतीय मुद्रा डॉलर की तुलना में गुरुवार के बंद भाव 94.47 रुपये के मुकाबले मामूली कमजोरी के साथ 94.49 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर खुली थी। आज के कारोबार की शुरूआत होते ही आयातकों की ओर से डॉलर की मांग में तेजी आने के चलते रुपया एक समय फिसलकर 94.51 के इंट्रा-डे लोअर लेवल तक भी चला गया था।



इंद्रिया ने पेश किया अपना दिवाली कैंपेन फेस्टिवल ऑफ लव

टीम एक्शन इंडिया

गाजियाबाद। दिवाली साल के उन गिने-चुने मौकों में से है, जब हम अपने हर चहेते के लिए खुशियां जुटाने में पूरे मन से लग जाते हैं। घर सजाने और पूजा-पाठ की तैयारी से लेकर तोहफे चुनने और परिवार व दोस्तों के स्वागत तक, हर छोटी-बड़ी बात मायने रखती है। फिर भी, इस जश्न के बीच अपने सबसे करीबी लोगों के लिए प्यार जताने के सबसे सीधे-सादे तरीके अक्सर पीछे छूट जाते हैं। इंद्रिया के अस इन वी दर्शन पर आधारित फेस्टिवल ऑफ लव उन रिश्तों और जुड़ाव के पलों को समर्पित है, जो हर उत्सव के केंद्र में होते हैं। इस दिवाली आदित्य बिरला ज्वेलरी का ब्रांड इंद्रिया अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ के साथ अपने नए कैंपेन के जरिए इस सोच को सामने ला रहा है। यह कैंपेन दिवाली की बड़ी रौनक के बीच दो लोगों के आपसी प्यार, अपनेपन और नजदीकी को बखूबी दिखाता है। फिल्म में अदिति और सिद्धार्थ त्योहार पर दोस्तों की मेहमाननवाजी की तैयारी कर रहे हैं। इसमें उनकी सहज नोकझोंक और साथ वक्त बिताने की वह अनकही चाह दिखाई गई है, जो अक्सर त्योहार की भागदौड़ में कहीं खो जाती है। इंद्रिया के सीईओ संदीप कोहली ने कहा, त्योहारी सीजन ज्वेलरी उद्योग के लिए आज भी सबसे अहम समय में से एक है, जिसे जश्न, तोहफे देने और शुभ खरीदारी की पुरानी परंपराएं आकार देती हैं। भारत में अपनी मौजूदगी लगातार बढ़ा रहा है, और हम इसे ऐसी कहानियों के जरिए उपभोक्ताओं से गहरा भावनात्मक रिश्ता बनाने के अवसर के रूप में देखते हैं।

दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले वकील और कोर्ट स्टॉफ को हाई कोर्ट राहत

अनुमति

वकीलों और कोर्ट स्टॉफ को बीएस-6 मानक पूरा न करने वाले वाहनों का भी दिल्ली में उपयोग करने की अनुमति

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले वकीलों और कोर्ट स्टॉफ को दिल्ली सरकार के विंटर एक्शन प्लान मामले में बड़ी राहत दी है। जस्टिस सुमित महाजन ने दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन की याचिका पर वकीलों और कोर्ट स्टॉफ को बीएस-6 मानक पूरा न करने वाले वाहनों का भी दिल्ली में उपयोग करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि ये छूट केवल कोर्ट के कार्यदिवस के दौरान ही मिलेगी। सुनवाई के दौरान दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वकील एन. हरिहरन ने कहा कि कोर्ट स्टॉफ और वकील जरूरी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वकीलों को कोरोना की लहर के दौरान भी इस किस्म की छूट मिली हुई थी। उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने याचिका दायर कर वकीलों और कोर्ट स्टॉफ को दिल्ली सरकार के विंटर एक्शन प्लान से छूट देने की मांग की थी। दिल्ली सरकार ने विंटर एक्शन प्लान के तहत 1 नवंबर, 2026 से 31 जनवरी, 2027 तक राजधानी में उन वाहनों की एंट्री पर रोक लगा रखी है।



स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने परिवारों को दी स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह

टीम एक्शन इंडिया

गाजियाबाद। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 31 अक्टूबर को 117 था, जो 1 नवंबर को बढ़कर 261 और 2 नवंबर को 324 पर पहुंच गया। यह फरवरी के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने 2 नवंबर 2026 को पूरे एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) का दूसरा चरण लागू कर दिया। आने वाले त्योहारों के दौरान वायु प्रदूषण की समस्या और बढ़ने की आशंका रहती है। बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं, अस्थमा या दिल की बीमारी से पीड़ित लोगों और बाहर काम करने वाले लोगों को इससे विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। वर्तमान हालात को देखते हुए भारत की प्रमुख स्वतंत्र स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम के परिवारों से समय रहते जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की है। कंपनी ने क्षेत्र में वर्चुअल डॉक्टर परामर्श, मार्गदर्शन और घर पर इलाज की सुविधाओं को और सुलभ बनाने की दिशा में कदम उठाए हैं।

गांगुली के व्यक्तित्व अधिकारों का उल्लंघन करती है फिल्म

उल्लंघन

दूसरा' ने भारतीय पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के व्यक्तित्व और प्रचार अधिकारों का उल्लंघन किया

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अपने एक अंतरिम आदेश में कहा है कि फिल्म 'दूसरा' ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के व्यक्तित्व और प्रचार अधिकारों का उल्लंघन किया है। लेकिन इसके साथ ही जस्टिस तेजस करिया ने स्पष्ट किया कि गांगुली के व्यक्तित्व से जुड़े पहलू फिल्म की कहानी में इस तरह गहराई से रमे हुए हैं कि उनसे संबंधित दृश्यों को फिल्म से हटाना संभव नहीं है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने फिल्म के सिनेमाघरों में प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने फिल्म निर्माताओं को निर्देश दिया कि वे फिल्म में एक उचित डिस्क्लेमर जोड़ें और इसके साथ ही न्यायालय में 2 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी जमा करें। सौरव गांगुली ने फिल्म निर्माताओं के खिलाफ उनके नाम, छवि या उनके जीवन से जुड़े संदर्भों का उनकी सहमति के बिना व्यावसायिक इस्तेमाल करने के विरोध में यह याचिका दायर की थी। याचिका में गांगुली के जीवन की घटनाओं, विशेषकर नेटवेस्ट क्रिकेट श्रृंखला के फाइनल में उनकी कप्तानी और लॉर्ड्स में उनके शर्टलेस जश्न का हवाला देते हुए फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई थी। याचिका में गांगुली के व्यक्तित्व अधिकारों के अनाधिकृत व्यावसायिक शोषण और उनकी प्रस्तावित बायोपिक पर प्रोडक्शन हाउस के विशेष संविदात्मक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था।



दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू



टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में गिरावट के मद्देनजर सख्त कदम उठाते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण की पाबंदियां लागू कर दी हैं। इसके तहत प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्माण कार्यों, वाहनों और अन्य प्रदूषणकारी गतिविधियों पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाए जाएंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति बिगड़ने की आशंका के मद्देनजर आयोग ने यह फैसला लिया है। ग्रैप-3 लागू होने के साथ ही संबंधित एजेंसियों को प्रदूषण नियंत्रण के उपाय सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382 तक पहुंच गया। कई क्षेत्रों में एक्यूआई का स्तर 400 के पार चला गया। प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए शुक्रवार शाम वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उपसमिति ने आपात बैठक बुलाकर स्तिथि की समीक्षा की और ग्रैप 3 की पांबदियों को तुरंत प्रभाव से लागू करने का फैसला लिया।

ग्रैप-3 के तहत प्रतिबंध में निर्माण एवं तोड़फोड़ (सीएंडडी) से जुड़ी गतिविधियों पर प्रतिबंध, गैर-आवश्यक निर्माण कार्यों पर रोक, निर्धारित क्षेत्रों में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों के संचालन पर पाबंदी, कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए हाइब्रिड मोड में पढ़ाई का विकल्प, प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक और अन्य गतिविधियों पर सख्त निगरानी शामिल है। इसके साथ धूल नियंत्रण और प्रदूषण कम करने के उपायों का संबंधित एजेंसियों द्वारा कड़ाई से पालन के साथ पहले और दूसरे चरण के तहत लगाए गए प्रतिबंध भी प्रभावी रहेंगे।

सख्ती

एजेंसियों द्वारा कड़ाई से पालन के साथ पहले और दूसरे चरण के तहत लगाए गए प्रतिबंध प्रभावी रहेंगे

धान खरीदी पोर्टल, एग्रीस्टैक और डिजिटल क्रॉप सर्वे को किया जाएगा एकीकृत, किसानों को नहीं देनी होगी बार-बार जानकारी

कृषक उन्नति योजना खरीफ- अनुदान वितरण प्रक्रिया होगी पूरी तरह पारदर्शी और सरल: मुख्य सचिव

टीम एक्शन इंडिया

रायपुर: छत्तीसगढ़ में किसानों को कृषि के क्षेत्र में और अधिक संबल प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार ने तैयारी तेज कर दी है। मंत्रालय महानदी भवन में आज मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में कृषक उन्नति योजना खरीफ-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत किसानों को आदान सहायता (अनुदान) राशि प्रदान करने की प्रक्रिया, पात्रता के दिशा-निर्देशों और डेटाबेस एकीकरण पर विस्तार से मंथन किया गया।

डेटाबेस का एकीकरण और डिजिटल व्यवस्था

बैठक में मुख्य सचिव विकासशील ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का क्रियान्वयन पूरी तरह पारदर्शी, सरल और त्रुटिरहित होना चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग के विभिन्न पोर्टलों और धान खरीदी डेटाबेस को आपस में एकीकृत करने पर जोर दिया, जिससे किसानों से बार-बार दस्तावेज या जानकारी मांगने की आवश्यकता न पड़े। डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देते हुए उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे, किसान आईडी, फार्म आईडी और गिरदावरी के आंकड़ों को आपस में जोड़कर किसानों की कुल भूमि और फसल के रकबे की जानकारी का बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि किसानों को अपनी विशिष्ट फार्म आईडी की पुष्टि करने तथा योजना के तहत अनुदान हेतु आवेदन करने की सहज सुविधा दी जाए। योजना के सुचारू संचालन हेतु योजना का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टैक में पंजीयन अनिवार्य होगा। डिजिटल क्रॉप सर्वे में संबंधित भूमि पर धान की फसल दर्ज होना आवश्यक है। धान खरीदी प्रक्रिया के अंतर्गत कम से कम एक सफल खरीदी का लेन-देन होना जरूरी है, जिसके लिए खाद्य विभाग के धान खरीदी पोर्टल की जानकारी का उपयोग किया जाएगा। कसानों के हितों की रक्षा और वास्तविक पात्रता सुनिश्चित करने के लिए धान खरीदी के दौरान टोकन जारी करते समय अनुदानित रकबे का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष तौर पर, पिछले वर्ष धान न बेचने वाले किसानों के मामलों में भौतिक सत्यापन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त, बैठक में दलहन, तिलहन और मिलेट्स (कोदो-कुटकी-रागी) की खरीदी व्यवस्था तथा इन फसलों के उत्पादक किसानों को मिलने वाले प्रोत्साहन के संबंध में भी स्पष्ट जानकारी प्रसारित करने के निर्देश दिए गए। सुबोध कुमार सिंह, वित्त एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, खाद्य विभाग की सचिव सुरीना बाबा साहेब कंगाले, कृषि विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, राजस्व विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी, संचालक कृषि राहुल देव, संचालक भू-अभिलेख विनीत नंदवार और प्रबंध संचालक मार्कफेड जितेन्द्र शुक्ला सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार 07 नवंबर 2026 | ₹2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 20 अंक: 309 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके परिवार ने मुलाकात की।


बिना पटाखों वाली दिवाली जन आंदोलन होनी चाहिएः सुप्रीम कोर्ट




टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि दिवाली और अन्य त्योहारों के दौरान 'साफ हवा' की पहल को "जन आंदोलन" में बदलना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे त्योहारों पर प्रदूषण को केवल अदालती आदेशों या पुलिस की तैनाती के जरिए नियंत्रित नहीं किया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर दर्ज एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान की। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली सरकार और अन्य संबंधित अधिकारियों से कहा है कि वे स्थानीय नगर पार्षदों को सक्रिय रूप से शामिल करें, ताकि वे नागरिकों से आने वाली दिवाली पर प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे न फोड़ने की अपील कर सकें। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि पर्यावरण का संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि देश के हर नागरिक को इसमें अपना योगदान देना होगा। जब तक लोग स्वयं जागरूक होकर प्रदूषण फैलाने वाले तौर-तरीकों का त्याग नहीं करेंगे, तब तक जमीनी स्तर पर कोई बड़ा बदलाव देखना नामुमकिन है। उच्चतम न्यायालय ने याद दिलाया कि सर्दियों के मौसम में दिल्ली-एनसीआर की हवा बेहद जहरीली हो जाती है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सांस लेने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में त्योहारों की खुशी को दूसरों के स्वास्थ्य की कीमत पर नहीं मनाया जाना चाहिए। कोर्ट ने उम्मीद जताई है कि जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों के सामूहिक प्रयास से आने वाले समय में प्रदूषण मुक्त और सुरक्षित त्योहारों की नई शुरूआत होगी।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं









न्यूज फ्लैश

ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल को लेकर जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किए आदेश

टीम एक्शन इंडिया
कमल मिड्ढा

करनाल। जिला मजिस्ट्रेट डॉ.आनंद कुमार शर्मा ने सर्दियों के मौसम में बढ़ते वायु प्रदूषण तथा आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला में पटाखों की बिक्री एवं उपयोग को लेकर विस्तृत आदेश जारी किए हैं। ये आदेश माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण संबंधी प्रावधानों की अनुपालना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं।

आदेशानुसार 7 एवं 8 नवंबर को ग्रीन पटाखे फोड? की अनुमति केवल सुबह 6 बजे से 7 बजे तक तथा रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक होगी। इसके अतिरिक्त किसी भी समय पटाखे फोड? की अनुमति नहीं होगी। 9 नवंबर से जिले में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध पुनः लागू हो जाएगा।

आदेश के अनुसार बेरियम युक्त पटाखों तथा नीरी द्वारा ग्रीन पटाखों के रूप में अनुमोदित नहीं किए गए पटाखों की बिक्री एवं इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा जुड़ी हुई लड़ि?यें एवं पटाखों की मालाओं के निर्माणए बिक्री और इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध रहेगा। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से पटाखों की खरीद-बिक्री की अनुमति नहीं होगी।

अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों, शैक्षणिक संस्थानों तथा अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे फोड?ा पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इन क्षेत्रों को नो-क्रैकर जोन के रूप में चिह्नित किया जाएगा।

आदेशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के लिए करनाल, घरौंडा, इंद्री, असंध एवं नीलोखेड़ी उपमंडलों में संयुक्त निरीक्षण एवं गश्ती टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों में संबंधित एसडीएम, डीएसपी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधिए अग्निशमन विभाग के अधिकारी तथा डीईटीसी (एसटी), करनाल को शामिल किया गया है।

ये टीमें बिक्री, लाइसेंस, क्यूआर कोड, पटाखों के सीलबंद पैकेट एवं प्रमाणन की जांच करेंगी। साथ ही अवैध एवं पारंपरिक पटाखों की आवाजाही रोकने के लिए वाहनों की जांच भी की जाएगी।

नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पटाखे जब्त करने सहित नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को प्री-दीवाली 2 से 6 नवंबर, दीवाली 7 एवं 8 नवंबर तथा पोस्ट-दीवाली 9 से 30 नवंबर की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। गैर-कार्यशील वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों का निरीक्षण कर उनकी कमियों को तत्काल दूर करने तथा त्योहार के बाद ठोस कचरे का निस्तारण एवं सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्रों में पानी का छिडकाव सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि वे पर्यावरण एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल निर्धारित समय में प्रमाणित ग्रीन पटाखों का ही इस्तेमाल करें तथा प्रतिबंधित पटाखों से दूर रहें। आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023, विस्फोटक अधिनियम, 1884 तथा विस्फोटक नियम, 2008 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जेवियर्स स्कूल चीका में गूंजा हरित दीपावली का संदेश

प्रमोद भार्गव,

गुहला चीका। आज यहां जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल चीका में दीपावली दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय परिसर में दीपावली के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां लक्ष्मी, भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को नमन करते हुए की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगोलियां, कविताएं व लोकगीत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के अध्यक्ष आलोक बासु राय ने दिवाली दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपनी भाषा संस्कृति और परंपराओं पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने बताया कि दिवाली का संबंध भगवान श्रीराम से है क्योंकि इस दिन भगवान श्रीराम चौदह वर्ष का वनवास समाप्त करके अयोध्या वापिस लौटे थे। उन्होंने बच्चों को समझाया कि हमें पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए इस दिन पटाखें नहीं जलाने चाहिए और बच्चों को ग्रीन दीवाली मनाने के लिए प्रेरित किया।

मिट्टी के दीपक एवं हटरी हमारी प्राचीन कला एवं संस्कृति की पहचान है : मेयर राजीव जैन

उन्होंने कहा कि कुम्हार समाज की दीपावली समय के साथ-साथ फीकी पढ़ने लगी थी

दीपावली

चाइनीज दीयों एवं अन्य सामान की बजाए मिट्टी के दीयों एवं हटरी से लक्ष्मी पूजन करना चाहिए।



टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत 6 नवंबर। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा है कि दीपावली के अवसर पर मिट्टी के दीपक एवं हटरी हमारी प्राचीन कला एवं संस्कृति की पहचान है इसलिए हमें चाइनीज दीयों एवं अन्य सामान की बजाए मिट्टी के दीयों एवं हटरी से ही लक्ष्मी पूजन करना चाहिए।

मेयर जैन ने कुम्हार मोहल्ले में मिट्टी के दीयों की खरीद दारी करते हुए कहा कि मिट्टी के दीयों एवं हटरी न केवल शुद्धता का प्रतीक है, बल्कि इसमें असंख्य माटी कलाकारों की मेहनत एवं पसीने की खुशबू आती है। इसी तरह मिट्टी के मटकों का पानी, कुल्हड़ की चाय, मिट्टी के बर्तनों की दही स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि हमारे उत्तम स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि कुम्हार समाज की दीपावली समय के साथ-साथ फीकी पढ़ने लगी थी। लोगों का ध्यान चाइनीज एवं अन्य धातुओं से बनी वस्तुओं की तरफ बढ़ गया था। कुम्हार समाज के परिवारों का दीपावली पर हुई बिक्री से ही वर्ष भर की मेहनत का फल मिलता था। परंतु अब फिर लोग अपनी जड़ों की तरफ लौटने लग गये हैं, जिसमें आज सड़क किनारे मिट्टी के समान के स्टाल लगने लग गई हैं।

मेयर जैन ने बताया कि मिट्टी के दीयों में पुनः जागरूकता पैदा करने के लिए शिक्षा विभाग ने पहल करते हुए प्रत्येक सरकारी स्कूल में मिट्टी के दीये जलाने एवं जागरूकता रैली निकालने का निर्णय लिया है। राजीव जैन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा में आयोजित दीपावली मेले में पहुंचकर स्कूली बच्चियों द्वारा रंगों से सजाये गये दीयों का अवलोकन करते हुए प्रशंसा की।

हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत 5 लाख तक का ऋण: शर्मा

टीम एक्शन इंडिया
कमल मिड्ढा

करनाल। उपायुक्त डॉ.आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत बैंक के माध्यम से पांच लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा, जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो, साथ ही महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में बकायादार नहीं होनी चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से महिलाओं को 5 लाख तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध कराया जाता है। इस ऋण के माध्यम से महिलायें स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे लोगों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी।

उन्होंने बताया कि महिलाएं इस योजना के तहत ऋण लेकर यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढोने के वाहन, थ्री व्हीलर, ई-रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, फोटोस्टेट की दुकान, पापड़ बनाना, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, टिफिन सर्विस, मिट्टी के बर्तन आदि बनाने का काम शुरू कर सकती हैं।

योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा कराने होंगे।

इन दस्तावेजों में आवेदन पत्र के साथ परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार फोटो, परियोजना रिपोर्ट, ट्रेनिंग प्रमाण पत्र-अनुभव प्रमाण पत्र आदि शामिल है। सभी दस्तावेजों की दो-दो फोटो प्रति होनी जरूरी है।

दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। एंटी ऑटो थेफ्ट की टीम ने प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश गहलावत के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोरी की अलग-अलग वारदातों में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की कुल 12 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

इस संबंध में एंटी ऑटो थेफ्ट प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार गहलावत ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पहली टीम ने सहायक उप निरीक्षक दलीप सिंह के नेतृत्व में आरोपी सौरभ एवं रोहित उर्फ जामण, निवासी गांव ललयाणी, थाना तरावड़ी, जिला करनाल को सेक्टर-16 करनाल के



पास चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ एवं निशानदेही के आधार पर आरोपियों के कब्जे से कुल 5 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।इसी प्रकार दूसरी टीम ने सहायक उप निरीक्षक ऋषिपाल के नेतृत्व में आरोपी अमृतपाल सिंह उर्फ लक्की, निवासी निलोखेड़ी, थाना बुटाना, जिला करनाल को सेक्टर-16 करनाल से चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर कुल 3 चोरीशुदा मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

वहीं तीसरी टीम ने मुख्य सिपाही सुखमहेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी विशाल उर्फ विशु, निवासी गांव डाचर, थाना निसिंग, जिला करनाल को करनाल-निसिंग रोड से चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया।

आरोपी के कब्जे से कुल 4 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। इस प्रकार पुलिस टीमों द्वारा चारों आरोपियों के कब्जे से चोरी की कुल 12 मोटरसाइकिलें बरामद की जा चुकी हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद मोटरसाइकिलें थाना शहर करनाल, थाना सिविल लाइन करनाल, थाना निसिंग, थाना इंद्री, थाना बुटाना, थाना सेक्टर 32-33 करनाल तथा थाना तरावड़ी के क्षेत्र से चोरी की गई थीं। जांच के दौरान सामने आया है कि आरोपी सौरभ पहले भी चोरी के मामलों में करनाल जेल में रह चुका है। आरोपी अमृतपाल सिंह उर्फ लक्की लड़ाई-झगड़े के मामले में करनाल जेल में रह चुका है, जबकि आरोपी रोहित उर्फ जामण अपहरण के मामले में पटियाला, पंजाब की जेल में रह चुका है।

पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर वाहन चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटाई गई। चारों आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

विश्वकर्मा मंदिर चीका में 9 को मनाया जाएगा विश्वकर्मा दिवस

टीम एक्शन इंडिया
प्रमोद भार्गव,

गुहला चीका। आगामी 9 नवम्बर को स्थानीय विश्वकर्मा मंदिर में श्रद्धा एवं उत्साह से विश्वकर्मा दिवस मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान रामदिया जांगड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में वार्ड नम्बर एक के पार्षद सुखबीर ड्रूषसह पहलवान बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि चीका नगरपालिका की चेयरपर्सन डाक्टर रेखा रानी वशिष्ठ मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगी।

महिला पर जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
कमल मिड्ढा



करनाल। थाना शहर की टीम ने महिला पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक एक्टिवा स्कूटी भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान साहिल पुत्र जसपाल निवासी जाटों गेट, करनाल के रूप में हुई है।

मामले का विवरण देते हुए अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका साहिल के साथ प्रेम विवाह हुआ था, लेकिन बाद में दोनों का तलाक हो गया था। बाद में भी आरोपी उसे लगातार परेशान कर रहा था और जान से मारने की धमकियां दे रहा था।

शिकायतकर्ता के अनुसार 4 नवंबर को शाम जब वह मेरठ रोड स्थित अलांटे मॉल के नजदीक गई हुई थी, तभी आरोपी साहिल अपने एक अन्य साथी के साथ स्कूटी पर वहां पहुंचा। दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। इसी दौरान आरोपी साहिल ने जान से मारने की नीयत से बर्फ तोड? वाले नुकीले औजार से उसकी गर्दन पर हमला कर दिया और अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

शिकायत के आधार पर थाना शहर में 5 नवंबर को बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना शहर की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल को गिरफ्तार किया।

पुलिस टीम द्वारा आरोपी से पूछताछ की गई तथा उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त एक एक्टिवा स्कूटी भी बरामद की गई। आज आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

उत्तर रेलवे

टेंडर नोटिस सं. 56/2026-2027 दिनांक: 06.11.2026

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	08265530	5 वाट वी एच एफ डिजिटल सेट	10999 नग	30.11.26
02	02262203	मॉडिफाइड वाशेवल साइड बॉडी फिल्टर	7423 नग	30.11.26
03	16260665A	हाउसिंग बेअरिंग किट फॉर एच एच पी	148 सेट	01.12.26
04	77265654	52 के जी स्पेशल मशीन चेक रेल 7.5 मीटर	58 सेट	03.12.26
05	12261029	एलास्टोमेरिक 19 कोर 750 वी ट्रेन लाइन वायर केबल	5139 मीटर	07.12.26
06	19260699	नि–सी डी बैटरी सेट फॉर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव	12 सेट	07.12.26
07	77265080A	कॉम्बिनेशन फिश प्लेट 1 मीटर लॉन्ग	419 सेट	10.12.26

निविदा शर्तें:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 3902/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति :–	128-SRDEE-G-DLI-2026-27 पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर प्रकाश व्यवस्था की विश्वसनीयता/रिडंडेंसी (अतिरिक्त सुरक्षा) में सुधार से संबंधित विद्युत कार्य।
निविदा की अनुमानित लागत:–	रू0 46134839.00/–
कार्यालय का पता:–	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/सामान्य, डीआरएम कार्यालय, दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली, 110055
बयाना राशि:–	रू0 922700.00/–
निविदा निवेदन की दिनांक व समय:–	30.11.2026, 13.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय:–	30.11.2026, 13.00 बजे
वेब साइट व नोटिस बोर्ड :–	www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली 3909/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति :–	119-SRDEE-G-DLI-2026-27 SSE/PS/PHG के अधिकार क्षेत्र में रेलवे क्वार्टरों की री–वायरिंग और उससे जुड़े अन्य विद्युत कार्यों सहित, कर्मचारियों की सुविधाओं में विद्युत संबंधी सुधार।
निविदा की अनुमानित लागत:–	रू0 25889940.00/–
कार्यालय का पता:–	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/सामान्य, डीआरएम कार्यालय, दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली, 110055
बयाना राशि:–	रू0 517800.00/–
निविदा निवेदन की दिनांक व समय:–	30.11.2026, 13.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय:–	30.11.2026, 13.00 बजे
वेब साइट व नोटिस बोर्ड :–	www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली 3910/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

महिला एवं बाल विकास विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार,
आईएसबीटी भवन. कश्मीरी गेट. नई दिल्ली. 110006

लापता बच्चे/परिवार से बिछड़ बच्चे

क्र.सं	विवरण	फोटोग्राफ
1	नाम: अजीत (संस्था द्वारा दिया गया नाम); लिंग: पुरुष; आयु: 6 माह; रंग: गोरा। बच्चा दिनांक 21/07/2026 को मैक्स अस्पताल के निकट, पटपड़गंज, आईपी विस्तार, पूर्वी दिल्ली में लावारिस अवस्था में मिला था। उसने बहुरंगी कमीज और निकर पहनी हुई थी। थाना मधु विहार में दिनांक 21/07/2026 को सामान्य डायरी संख्या 0003ए दर्ज की गई। बच्चे को दिनांक 21/07/2026 को बाल कल्याण समिति-4, मयूर विहार, दिल्ली-110091 के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के आदेशानुसार बच्चे को देखभाल एवं संरक्षण हेतु सेवा भारती मातृछाया में रखा गया है।	
	नोट: माता-पिता/अभिभावक/रिश्तेदार अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए सेवा भारती मातृछाया, 10455, बगीची अलाउद्दीन, गली नंबर 3, मोतिया खान, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110055, मोबाइल नंबर 9811259028, 011-447478391 तथा जिला बाल संरक्षण इकाई-7, 32-33, कल्याणवास, कल्याणपुरी, दिल्ली-110091, दूरभाष नंबर 011-22770007, ई-मेल dcpumv7@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं। देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के संबंध में 1098 बाल सहायता सेवा पर सूचना दें।	
2.	नाम: कृष्णा; पिता का नाम: सोना राजा; माता का नाम: सुनीता; लिंग: पुरुष; आयु: 7 वर्ष; रंग: सांवला; बाल: छोटे और काले; आंखें: काली। बच्चा दिनांक 12/12/2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लावारिस अवस्था में मिला था। उस समय उसने नीली कमीज और काली पैंट पहनी हुई थी। बच्चे के अनुसार उसका परिवार बिहार में रहता है। बाल कल्याण समिति-2 के आदेशानुसार उसे दिनांक 12/12/2025 को साथी खुला आश्रय गृह में रखा गया था। बाद में बाल कल्याण समिति-3 (मध्य) के दिनांक 30/04/2026 के आदेशानुसार देखभाल एवं संरक्षण हेतु दिनांक 01/05/2026 को उसे साथी खुला आश्रय गृह से डीएमआरसी बाल गृह में स्थानांतरित किया गया। मामला नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के राजकीय रेलवे पुलिस थाने में दर्ज है (दैनिक डायरी संख्या 0009ए, दिनांक 12/12/2025)।	
	नोट: माता-पिता/अभिभावक/रिश्तेदार अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए डीएमआरसी बाल गृह, भार्गव लेन, मेट्रो स्तंभ संख्या 65, तीस हजारी, दिल्ली-110054 तथा जिला बाल संरक्षण इकाई-1, सेवा कुटीर, किंग्सवे कैंप, दिल्ली-110009 पर संपर्क कर सकते हैं। देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के संबंध में 1098 बाल सहायता सेवा पर सूचना दें।	
3.	नाम: नीरज; पिता का नाम: मिथु @ विनोद; माता का नाम: सवी; लिंग: पुरुष; आयु: 11 वर्ष; रंग: सांवला; बाल: छोटे और काले; आंखें: काली। बच्चा दिनांक 21/06/2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लावारिस अवस्था में मिला था। उस समय उसने भूरे रंग की कमीज और काली निकर पहनी हुई थी। बच्चे के अनुसार उसका परिवार पूर्णिया, बिहार में रहता है। उसे दिनांक 21/06/2025 से 22/06/2025 तक अपना घर खुला आश्रय गृह में रखा गया। इसके बाद बाल कल्याण समिति-3 के आदेशानुसार दिनांक 23/06/2025 को फिर से वहीं रखा गया। बाल कल्याण समिति-3 (मध्य) के दिनांक 19/01/2026 के आदेशानुसार उसे देखभाल एवं संरक्षण हेतु दिनांक 28/01/2026 को अपना घर खुला आश्रय गृह से डीएमआरसी बाल गृह में स्थानांतरित किया गया। मामला नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के राजकीय रेलवे पुलिस थाने में दर्ज है (दैनिक डायरी संख्या 0026ए, दिनांक 21/06/2025)।	
	नोट: माता-पिता/अभिभावक/रिश्तेदार अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए डीएमआरसी बाल गृह, भार्गव लेन, मेट्रो स्तंभ संख्या 65, तीस हजारी, दिल्ली-110054, मोबाइल नंबर 9650222184 तथा जिला बाल संरक्षण इकाई-1, सेवा कुटीर, किंग्सवे कैंप, दिल्ली-110009 पर संपर्क कर सकते हैं। देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के संबंध में 1098 बाल सहायता सेवा पर सूचना दें।	
4.	नाम: Unknown@Mahi;; आयु: 13 वर्ष; रंग: सांवला। बच्ची आनंद विहार बस अड्डे पर लावारिस अवस्था में मिली थी। उस समय उसने लाल कमीज और काला पजामा पहना हुआ था। थाना पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र में दैनिक डायरी संख्या 105ए, दिनांक 04/04/2026 दर्ज की गई। आरसीआई द्वारा बच्ची को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बच्ची को डीएमआरसी उड़ान बालिका बाल गृह, आराधक मार्ग, रेड क्रॉस अस्पताल के पास, दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली-95 में रखा गया है।	
	नोट: माता-पिता/अभिभावक/रिश्तेदार अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए डीएमआरसी उड़ान बालिका बाल गृह, आराधक मार्ग, रेड क्रॉस अस्पताल के पास, दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली-951 तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई-2, संस्कार आश्रम, दिल्ली-1100951 पर संपर्क कर सकते हैं। देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के संबंध में 1098 बाल सहायता सेवा पर सूचना दें।	
5.	विवरण: नाम: चांद; लिंग: पुरुष; जन्म तिथि: 14/02/2014; आयु: 11 वर्ष 8 माह और 12 दिन (दिनांक 22/09/2026 के अनुसार)। बच्चा पालम रेलवे स्टेशन पर अपने पिता कल्लू शाह के साथ मिला था। उस समय पिता कथित रूप से अस्वस्थ थे और बच्चे की देखभाल करने में असमर्थ थे। बच्चे को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया और बाद में देखभाल एवं संरक्षण हेतु डॉन बॉस्को आश्रालयम, पालम में रखा गया। बच्चे की माता स्वर्गीय सकीना बेगम का निधन हो चुका है। पिता का वर्तमान ठिकाना पता नहीं चल सका है। बच्चा एसबीवी नंबर-1 स्कूल, पालम, दिल्ली में कक्षा में पढ़ रहा है। पिता के आधार कार्ड में दर्ज पता: देखरेख में कल्लू शाह, आरजेड-75-सी, खसरा नंबर 12/7, विनोद पुरी, विजय एन्क्लेव, पालम गांव, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली, दिल्ली-110045। सामान्य डायरी संख्या 0098ए, दिनांक 23/09/2024, थाना डाबरी।	
	नोट: माता-पिता/अभिभावक/रिश्तेदार अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए डॉन बॉस्को आश्रालयम, डब्ल्यूजेड-1211, पालम गांव, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली-110045, दूरभाष नंबर 8447111682 तथा जिला बाल संरक्षण इकाई-4, पश्चिमी दिल्ली, निर्मल छाया परिसर, जेल रोड, दिल्ली-110064, संपर्क नंबर +919813910678 पर संपर्क कर सकते हैं। देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के संबंध में 1098 बाल सहायता सेवा पर सूचना दें।	
6.	नाम: कासिम; लिंग: पुरुष; जन्म तिथि: 17/10/2019। बालक रेलवे स्टेशन पर अपने पिता श्री कल्लू शाह के साथ पाया गया था। उस समय बालक के पिता अस्वस्थ अवस्था में थे तथा बालक की देखभाल करने में असमर्थ थे। बालक को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के उपरांत देखभाल एवं संरक्षण हेतु चिल्ड्रन ऑफ द वर्ल्ड में रखा गया। बालक की माता श्रीमती सकीना बेगम का निधन हो चुका है। बालक के पिता श्री कल्लू शाह भी वर्तमान में अप्राप्य हैं तथा उनके वर्तमान ठिकाने का पता नहीं चल सका है। बालक वर्तमान में एमसीडी बगडोला स्कूल, द्वारका में कक्षा 2 में अध्ययनरत है। पिता के आधार कार्ड में दर्ज पता: कल्लू शाह की देखरेख में, आरजेड-75, खसरा नंबर 12/7, विनोद पुरी, विजय एन्क्लेव, पालम गांव, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली-110045। सामान्य डायरी संख्या 0098ए, दिनांक 23/09/2024, थाना डाबरी।	
	नोट: माता-पिता/अभिभावक/रिश्तेदार अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए चिल्ड्रन ऑफ द वर्ल्ड, विशेष दतक ग्रहण एजेंसी, प्लॉट नंबर 5, पीएसपी पॉकेट, सेक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली-110077, दूरभाष नंबर 01145681521 तथा जिला बाल संरक्षण इकाई-4, पश्चिमी दिल्ली, निर्मल छाया परिसर, जेल रोड, दिल्ली-110064, संपर्क नंबर +919813910678 पर संपर्क कर सकते हैं। देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के संबंध में 1098 बाल सहायता सेवा पर सूचना दें।	
7.	नाम: परी; आयु: लगभग 3 दिन; रंग: गेहुँआ। बच्ची को उसकी मां ने दिनांक 28/10/2025 को दिल्ली के महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में छोड़ दिया था। बाल कल्याण समिति-दस, अलीपुर ने दिनांक 28/11/2025 को बच्ची को देखभाल एवं संरक्षण हेतु विशेष दतक ग्रहण एजेंसी-होली क्रॉस, दिल्ली में रखने का आदेश दिया। दिनांक 29/11/2025 को अस्पताल से छुट्टी मिलने पर बच्ची को थाना बवाना पुलिस को सौंपा गया, जिन्होंने उसी दिन बच्ची को देखभाल एवं संरक्षण हेतु विशेष दतक ग्रहण एजेंसी-होली क्रॉस सोशल सर्विस सेंटर, दिल्ली में रखा। अब तक बच्ची पर दावा करने कोई नहीं आया है। सामान्य डायरी संख्या 0108ए, दिनांक 28/10/2025, थाना बवाना, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली।	
	नोट: 1. माता-पिता/अभिभावक/रिश्तेदार अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए सचिव, होली क्रॉस सोशल सर्विस सेंटर, निरंकारी पार्क के पास, तारा चौक, धीरपुर, दिल्ली-110009, संपर्क नंबर 9711464755, 8130915367, ई-मेल hcsscdelhi@gmail.com 2. जिला बाल संरक्षण इकाई-6, बाल गृह-2, अलीपुर, उत्तर दिल्ली-110036, दूरभाष नंबर 011-27708338, ई-मेल dcpuvialipur@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं। देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के बारे में चाइल्ड लाइन (1098) पर सूचित करें।	

उपनिदेशक
महिला एवं बाल विकास विभाग

DIP/Shabdarth/Classified/0277/25-26

nido HOME FINANCE

निदो होम फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 5वीं मंजिल, टॉवर 3, विंग 'B', कोहिनूर सिटी मॉल, कोहिनूर सिटी, किरोल रोड, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई – 400070

शाखा संचालन जारी रखने संबंधी सूचना

दिनांक 04 अगस्त 2026 को फाइनेंशियल एक्सप्रेस में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना, जो निदो होम फाइनेंस लिमिटेड की दिल्ली शाखा के प्रस्तावित स्थानांतरण के संबंध में थी, के संदर्भ में ग्राहकों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि अब शाखा का कोई स्थानांतरण नहीं किया जाएगा|

अतः दिल्ली शाखा अपने वर्तमान परिसर से ही कार्य करती रहेगी, जिसका पता निम्नानुसार है: प्रथम तल, 3B, राजेंद्र पार्क, पूसा रोड, नई दिल्ली - 110005, दिल्ली|

इस संबंध में यदि कोई अद्यतन जानकारी होगी, तो उसकी सूचना आम जनता को उचित रूप से प्रदान की जाएगी|

ईमेल: assistance@nidohomefin.com
कॉल सेंटर: 1-800-1026371
(सोमवार – शुक्रवार, प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक)

आपके निरंतर सहयोग की अपेक्षा है|

संपादकीय

यूजीसी के नए नियमों पर पुनर्विचार

उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा बनाए गए नए नियम अब खुद एक बड़े विवाद का विषय बन गए हैं। जिस व्यवस्था का मकसद विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में हर विद्यार्थी को सुरक्षित, सम्मानजनक और भेदभावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना था, उसी के प्रावधानों पर सवाल उठने लगे हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और अब केंद्र सरकार ने अदालत को बताया है कि वह इन नियमों पर नए सिरे से विचार कर रही है। सरकार की ओर से कमेटी गठित करने की संभावना भी जताई गई है। यह घटनाक्रम बताता है कि सामाजिक न्याय के उद्देश्य से बनाई जाने वाली नीतियों में संवेदनशीलता के साथ-साथ व्यापक स्वीकार्यता भी कितनी आवश्यक है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्पष्ट किया कि सरकार नियमों की समीक्षा कर रही है, ताकि विद्यार्थियों की आशंकाओं का समाधान किया जा सके और किसी भी वर्ग में असंतोष या असुरक्षा की भावना पैदा न हो। इस पर मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी महत्वपूर्ण है कि नीति ऐसी होनी चाहिए, जिससे सभी युवा संतुष्ट महसूस करें। अदालत ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह के लिए टाल दी है। यह टिप्पणी केवल यूजीसी के नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की पूरी शिक्षा व्यवस्था के लिए एक व्यापक संदेश भी देती है।

दरअसल, इस विवाद की जड़ उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव की वह कड़वी वास्तविकता है, जिसे लंबे समय तक नजरअंदाज किया जाता रहा है। रोहित वेमुला और पायल तड़वी जैसे विद्यार्थियों की दुखद मौत ने देश को यह सोचने पर मजबूर किया था कि क्या हमारे विश्वविद्यालय वास्तव में सभी विद्यार्थियों के लिए समान अवसर और सम्मान का वातावरण उपलब्ध करा पा रहे हैं? वर्ष 2019 में रोहित वेमुला और पायल तड़वी की माताओं की ओर से दायर याचिकाओं में उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव के खिलाफ प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई थी। इन याचिकाओं का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि किसी विद्यार्थी को उसकी जाति, सामाजिक पृष्ठभूमि अथवा पहचान के कारण अपमान, उत्पीड? या अलगाव का सामना न करना पड़े।

इसी पृष्ठभूमि में यूजीसी ने विचार-विमर्श के बाद जनवरी 2026 में नए नियम अधिसूचित किए। लेकिन इन नियमों के कुछ प्रावधानों, विशेषकर जातिगत भेदभाव की परिभाषा को लेकर विवाद खड़ा हो गया। नए ढांचे में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के साथ होने वाले भेदभाव पर विशेष ध्यान दिया गया। दूसरी ओर सामान्य वर्ग के कुछ विद्यार्थियों और याचिकाकताओं ने आशंका जताई कि इस व्यवस्था में उनके खिलाफ होने वाले भेदभाव को पर्याप्त रूप से शामिल नहीं किया गया है।

चीन की परमाणु क्षमता चिंतनीय

वीपी राहुल

"शोध में परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों को भारत की जवाबी परमाणु क्षमता का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया गया है। समुद्र के भीतर लंबे समय तक छिपकर रहने वाली पनडुब्बियों का पता लगाना कठिन होता है। इस कारण यदि किसी देश पर पहला परमाणु हमला हो भी जाए, तो समुद्र में मौजूद पनडुब्बी के जरिए जवाबी कार्रवाई की क्षमता बची रह सकती है। परमाणु रणनीति में इसे सेकंड स्ट्राइक कैपेबिलिटी कहा जाता है। यानी कोई देश पहले हमले का शिकार होने के बाद भी इतनी क्षमता बनाए रखे कि वह हमलावर को जवाब दे"



चीन के तेजी से बढ़ते परमाणु हथियारों के जखीरे, आधुनिक मिसाइल तकनीक और निगरानी प्रणालियों ने भारत की दशकों पुरानी परमाणु रणनीति के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के एक शोध अध्ययन में कहा गया है कि भारत की पारंपरिक परमाणु नीति, जिसमें शांतिकाल के दौरान परमाणु हथियारों और उन्हें दागने वाले माध्यमों को अलग-अलग रखा जाता है, अब पहले की तरह प्रभावी बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा है। अध्ययन के मुताबिक, भारत की परमाणु नीति के मूल सिद्धांत में फिलहाल बदलाव के प्रमाण नहीं हैं, लेकिन परमाणु हमले की स्थिति में जवाबी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सेना की तैयारी और हथियारों के संचालन का तरीका धीरे-धीरे बदल रहा है।

यह अध्ययन लखनऊ विश्वविद्यालय के पश्चिमी इतिहास विभाग में सहायक प्रोफेसर आशुतोष सिंह ने तैयार किया है। इसका शीर्षक श्इंडियाज न्यूक्लियर पोस्टर अंडर स्ट्रेसः द फ्यूचर ऑफ रिसेस्ड डिटरेंस है। यह शोध जर्नल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्सः वॉइस ऑफ द ग्लोबल साउथ के 2026 संस्करण में प्रकाशित हुआ है। शोध में भारत की परमाणु रणनीति, चीन की सैन्य क्षमताओं में विस्तार, परमाणु पनडुब्बियों की भूमिका और दक्षिण एशिया में बदलते सुरक्षा समीकरणों का विश्लेषण किया गया है। इसमें मुख्य रूप से यह सवाल उठाया गया है कि क्या भारत अपनी मौजूदा परमाणु व्यवस्था के तहत किसी संभावित परमाणु हमले के बाद प्रभावी जवाबी कार्रवाई करने की क्षमता बनाए रख सकता है।

भारत की पारंपरिक परमाणु रणनीति को समझने के लिए रिसेस्ड डिटरेंस की अवधारणा महत्वपूर्ण है। इसका अर्थ है कि शांतिकाल में परमाणु हथियारों को उन मिसाइलों या अन्य माध्यमों से अलग रखा जाता है, जिनके जरिए उन्हें लक्ष्य तक पहुंचाया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर हथियारों और उनके डिलीवरी सिस्टम को जोड़कर जवाबी कार्रवाई की तैयारी की जाती है। इस व्यवस्था का एक उद्देश्य आकस्मिक परमाणु हमले या गलत संकेतों के कारण हथियारों के इस्तेमाल का जोखिम कम करना है लेकिन इसकी एक सीमा भी है। यदि किसी देश पर अचानक परमाणु हमला होता है, तो हथियारों को सक्रिय और तैनात करने में लगने वाला अतिरिक्त समय उसकी जवाबी क्षमता को प्रभावित कर सकता है। शोध में स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट यानी सिप्री के अनुमानों का हवाला देते हुए कहा गया है कि भारत के परमाणु हथियारों का जखीरा 2020 में लगभग 150 था, जो 2026 में बढ़कर करीब 190 हो गया है। अध्ययन में सिप्री के उस आकलन का भी उल्लेख है, जिसके अनुसार भारत ने अपनी परमाणु क्षमता से लैस बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी पर लगभग 12 परमाणु हथियार तैनात करना शुरू किया है। यह तैनाती नियमित रूप से हर समय होने के बजाय कुछ गश्ती अभियानों के दौरान हो सकती है। हालांकि, ये सिप्री के अनुमान हैं और भारत सरकार ने परमाणु हथियारों की तैनाती से जुड़ी ऐसी विस्तृत जानकारी आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक नहीं की है।

अध्ययन के अनुसार, चीन की परमाणु क्षमता में विस्तार केवल हथियारों की संख्या बढ़ने तक सीमित नहीं है। उसकी मिसाइल तकनीक, अंतरिक्ष आधारित निगरानी व्यवस्था और सटीक निशाना लगाने वाले हथियार भी भारत के लिए चुनौती बढ़ा रहे हैं। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी रॉकेट फोर्स के पास ऐसे मिसाइल सिस्टम हैं, जिनमें पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जाने की क्षमता हो सकती है। इससे किसी हमले की प्रकृति और उसके संभावित परिणामों का आकलन करना अधिक जटिल हो जाता है।

इसके अलावा, आधुनिक निगरानी प्रणालियां विरोधी देश की सैन्य गतिविधियों और हथियारों की स्थिति का पता लगाने की क्षमता बढ़ाती हैं। ऐसे माहौल में भारत के लिए अपने परमाणु हथियारों को अलग रखकर जरूरत पड़ने पर सक्रिय करने की पुरानी व्यवस्था पर निर्भर रहना अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

शोध में परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों को भारत की जवाबी परमाणु क्षमता का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया गया है। समुद्र के भीतर लंबे समय तक छिपकर रहने वाली पनडुब्बियों का पता लगाना कठिन होता है। इस कारण यदि किसी देश पर पहला परमाणु हमला हो भी जाए, तो समुद्र में मौजूद पनडुब्बी के जरिए जवाबी कार्रवाई की क्षमता बची रह सकती है। परमाणु रणनीति में इसे सेकंड स्ट्राइक कैपेबिलिटी कहा जाता है। यानी कोई देश पहले हमले का शिकार होने के बाद भी इतनी क्षमता बनाए रखे कि वह हमलावर को जवाब दे सके। भारत के लिए समुद्र आधारित परमाणु क्षमता इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि इससे जमीन पर मौजूद हथियारों और ठिकानों पर निर्भरता कम होती है। हालांकि, पनडुब्बियों पर परमाणु हथियारों की मौजूदगी के साथ नई परिचालन चुनौतियां भी पैदा होती हैं। समुद्र में तैनात पनडुब्बियों के साथ सुरक्षित और भरोसेमंद संचार बनाए रखना जरूरी है। इसके अलावा, हथियारों की उपलब्धता, आदेश देने की प्रक्रिया और जवाबी कार्रवाई के लिए कमान व्यवस्था को भी अधिक सक्षम बनाना पड़ता है। अध्ययन के मुताबिक, समुद्र आधारित परमाणु क्षमता को प्रभावी बनाए रखने के लिए भारत को अधिक तैयारी और मजबूत संचार प्रणालियों की आवश्यकता होगी। इसका अर्थ यह है कि भारत की परमाणु रणनीति में बदलाव केवल हथियारों की संख्या बढ़ाने का मामला नहीं है, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि जरूरत पड़ने पर हथियार कितनी तेजी और विश्वसनीयता से इस्तेमाल के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

इसके बावजूद शोधकर्ता ने यह निष्कर्ष नहीं निकाला है कि भारत ने अपनी नो फर्स्ट यूज यानी पहले परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं करने की नीति छोड़ दी है। भारत के घोषित परमाणु सिद्धांत के अनुसार, वह पहले परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं करेगा और परमाणु हमले की स्थिति में जवाबी कार्रवाई करेगा। अध्ययन में कहा गया है कि भारत की ओर से इस नीति को छोड़ने या पहले परमाणु हमला करने की रणनीति अपनाने का कोई ठोस प्रमाण उपलब्ध नहीं है। इसलिए परमाणु सिद्धांत में बदलाव और परमाणु हथियारों के संचालन की तैयारी में बदलाव को अलग-अलग समझना जरूरी है। शोध का केंद्रीय निष्कर्ष है कि भारत का घोषित सिद्धांत अब भी कायम है, लेकिन उसके परमाणु प्रतिरोधक तंत्र को अधिक सक्रिय और परिचालन के लिहाज से तैयार बनाया जा रहा है। शोध के मुताबिक, भारत की चुनौती यह है कि वह परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर संयम बनाए रखते हुए अपनी जवाबी क्षमता को भी सुरक्षित रखे।

नई दिल्ली कार्यालय
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

उत्तरी दिल्ली कार्यालय
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

चंडीगढ़ कार्यालय
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

पंजाब कार्यालय
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

करनाल कार्यालय
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

सोनीपत कार्यालय
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

शिमला कार्यालय
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

ऊना कार्यालय
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

देहरादून कार्यालय
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

दीपावली की सीख -प्रकाश, प्रेम और मानवता का संदेश

सी ए. डॉ. शंकर घनश्याम दास अंदानी

दीपावली केवल दीप जलाने, मिठाइयाँ बाँटने और आतिशबाजी करने का त्योहार नहीं है, बल्कि यह जीवन को नई दिशा देने वाला संस्कारों का महापर्व है। दीपावली हमें सिखाती है कि जीवन में चाहे कितना भी अंधकार क्यों न हो, आशा, विश्वास और सकारात्मक विचारों का एक छोटा-सा दीपक भी उजाला फैला सकता है। इसका वास्तविक संदेश बाहरी रोशनी से अधिक मन के भीतर प्रकाश फैलाना है। भगवान श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में दीप जलाकर उनका स्वागत किया गया था। यह प्रसंग हमें सत्य, मयार्दा, त्याग और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीराम का जीवन सिखाता है कि परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन हों, मनुष्य को अपने सिद्धांतों और आदर्शों से समझौता नहीं करना चाहिए। दीपावली हमें सबसे पहली सीख देती है कि असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अंधकार पर प्रकाश की विजय निश्चित है। दूसरी सीख है कि परिवार और समाज में प्रेम, एकता और भाईचारा बनाए रखना चाहिए। जिस प्रकार अनेक छोटे-छोटे दीप मिलकर विशाल प्रकाश उत्पन्न करते हैं, उसी प्रकार समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से राष्ट्र का विकास संभव है। माँ लक्ष्मी की पूजा हमें धन के साथ सद्बुद्धि, परिश्रम और ईमानदारी का महत्व समझाती है। धन कमाना ही जीवन का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि धन का सदुपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबों की सहायता और समाजसेवा में भी होना चाहिए। सच्ची समृद्धि वही है जहाँ किसी भूखे को भोजन, किसी जरूरतमंद को सहारा और किसी निराश व्यक्ति को आशा मिलती है। दीपावली का एक महत्वपूर्ण संदेश स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण भी है। हमें अपने घरों के साथ-साथ मन, विचारों और समाज को भी स्वच्छ बनाना चाहिए। अनावश्यक दिखावे, फिजूलखर्ची और प्रदूषण से बचते हुए पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनानी चाहिए। मिट्टी के दीप खरीदकर कुम्हारों और छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहन देना भी आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सार्थक कदम है। आज के समय में दीपावली हमें सामाजिक भेदभाव, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार और नकारात्मकता को समाप्त करने की प्रेरणा देती है। त्योहार की वास्तविक खुशी तभी है जब अमीर और गरीब, छोटे और बड़े सभी मिलकर उत्सव मनाएँ। किसी अकेले बुजुर्ग के घर दीप जलाना, जरूरतमंद बच्चों को मिठाई और कपड़े देना तथा किसी दुखी परिवार के चेहरे पर मुस्कान लाना ही दीपावली की सच्ची पूजा है। अंततः दीपावली केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे वर्ष जीवन में अच्छे विचारों और अच्छे कर्मों को अपनाने का संकल्प है। आइए, इस दीपावली पर हम अपने भीतर ज्ञान का दीप, हृदय में प्रेम का दीप, व्यवहार में विनम्रता का दीप और समाज में मानवता का दीप जलाएँ।

विचार

नशे से दूर, सपनों के करीबः नशामुक्त जीवन की ताकत

डॉ. विजय गर्ग

मनुष्य का जीवन अनमोल है। हर व्यक्ति के मन में कुछ सपने होते हैं—अच्छी शिक्षा प्राप्त करना, अपने पैरों पर खड़ा होना, परिवार को खुश रखना, समाज में सम्मान अर्जित करना और जीवन में कुछ सार्थक करना। लेकिन नशे की लत इन सपनों के रास्ते में एक बड़ी बाधा बन सकती है। नशा धीरे-धीरे व्यक्ति की शारीरिक शक्ति, मानसिक क्षमता, आर्थिक स्थिति, पारिवारिक संबंधों और आत्मविश्वास को कमजोर कर देता है। इसके विपरीत, नशामुक्त जीवन व्यक्ति को अपनी क्षमताओं को पहचानने और अपने सपनों को साकार करने का अवसर देता है।

नशे से दूर रहना केवल एक बुरी आदत से बचना नहीं, बल्कि अपने भविष्य की रक्षा करना है। नशे की लत अक्सर अचानक नहीं लगती। कई बार इसकी शुरूआत दोस्तों के दबाव, जिज्ञासा, तनाव, अकेलेपन या किसी समस्या से बचने की कोशिश के रूप में होती है। कुछ युवा केवल यह सोचकर नशा आजमाते हैं कि इससे वे अधिक आत्मविश्वासी दिखाई देंगे या उन्हें कुछ समय के लिए मानसिक राहत मिलेगी। लेकिन धीरे-धीरे यही प्रयोग आदत और फिर गंभीर समस्या का रूप ले सकता है। कई लोग तनाव, असफलता, बेरोजगारी या पारिवारिक समस्याओं से बचने के लिए नशे का सहारा लेते हैं। उन्हें लगता है कि नशा उनकी परेशानियों को कम कर देगा, लेकिन वास्तव में यह समस्याओं को और जटिल बना सकता है। वास्तविक समाधान समस्याओं का सामना करने, सही मार्गदर्शन लेने और स्वस्थ तरीके से तनाव का प्रबंधन करने में है। नशे का प्रभाव केवल शरीर तक सीमित नहीं रहता।

यह व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, याददाश्त और भावनात्मक संतुलन को भी प्रभावित कर सकता है। नशे की समस्या बढ़ने पर पढ़ाई, कामकाज और दैनिक जिम्मेदारियों को निभाना कठिन हो सकता है। एक विद्यार्थी, जो कभी डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक या अधिकारी बनने का सपना देखता था, नशे की गिरफ्त में आकर अपनी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं से दूर हो सकता है। एक मेहनती कर्मचारी अपनी कार्यक्षमता खो सकता है। परिवार का जिम्मेदार सदस्य अपने प्रियजनों के प्रति जिम्मेदारियाँ निभाने में कठिनाई महसूस कर सकता है। नशा व्यक्ति का समय, धन, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास छीन सकता है। इसलिए नशे से बचना केवल स्वास्थ्य संबंधी निर्णय नहीं, बल्कि अपनी संभावनाओं को सुरक्षित रखने का संकल्प भी है।

युवावस्थाः सपनों को साकार करने का समय

युवावस्था जीवन का वह चरण है, जब व्यक्ति के पास ऊर्जा, उत्साह, सीखने की क्षमता और नए अवसरों की तलाश करने का समय होता है। यही वह समय है, जब अच्छी आदतें भविष्य की मजबूत नींव बनाती हैं। युवाओं को समझना चाहिए कि वास्तविक साहस दूसरों के दबाव में आकर गलत रास्ता चुनने में नहीं, बल्कि अपने विवेक के अनुसार सही निर्णय लेने में है। यदि कोई मित्र नशा करने के लिए दबाव डालता है, तो स्पष्ट रूप से मना करना कमजोरी नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का संकेत है। खेलकूद, संगीत, पुस्तकें, रचनात्मक गतिविधियाँ, सामाजिक सेवा और कौशल विकास युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान कर सकते हैं। इन गतिविधियों से न केवल समय का सदुपयोग होता है, बल्कि जीवन में उद्देश्य और संतुष्टि की भावना भी विकसित होती है।

तनाव का समाधान नशा नहीं है

आज विद्यार्थियों और युवाओं पर पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार और सामाजिक अपेक्षाओं का दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में कुछ लोग तनाव से राहत पाने के लिए नशे की ओर आकर्षित हो सकते हैं। लेकिन नशा समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं है। तनाव से निपटने के लिए नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, संतुलित भोजन, ध्यान, योग, प्रकृति के साथ समय बिताना और प्रियजनों से बातचीत करना उपयोगी हो सकता है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

आलेख

धामी के नेतृत्व में ही भाजपा लड़ेगी चुनाव

उत्तर प्रदेश में भले ही केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने योगी आदित्यनाथ का खुलकर नाम नहीं लिया लेकिन उत्तराखंड में भाजपा पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ही 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उत्तराखंड राज्य की स्थापना के बाद पहली बार पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा की लगातार दूसरी बार सरकार बनी है। भाजपा का विश्वास है कि धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में पार्टी की लगातार तीसरी बार सरकार बनेगी और एक कीर्तिमान स्थापित होगा। बीजेपी ने उत्तराखंड में हैट्रिक लगाने के लिए कमर कस ली है। पार्टी ने गुटबाजी पर लगाम कसने और राज्य के नेताओं को एक टीम की तरह काम करने का निर्देश दिया है।

एसआईआर के कारण जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कट गए हैं। उनके नाम दोबारा जोड़ने के लिए पार्टी राज्यव्यापी अभियान भी चलाने जा रही है। उधर, कांग्रेस भू कानून, पलायन, अग्निवीर योजना, महंगाई और बेरोजगारी को लेकर बीजेपी को घेर रही है। हालांकि अग्निवीर योजना में केन्द्र सरकार ने जो सुधार किया है, उससे यह मुद्दा विपक्ष के लिए किसी काम का नहीं रहा है। उत्तराखंड में बीजेपी ने पिछले विधानसभा चुनाव में इतिहास रच दिया था। राज्य की स्थापना के बाद से ही ऐसा पहली बार हुआ था, जब किसी दल ने सत्ता में वापसी की हो। अब बीजेपी की कोशिश लगातार तीसरी बार चुनाव जीत कर एक नया इतिहास बनाने की है। हालांकि, बीजेपी जानती है कि यह एक बड़ी चुनौती है। इसीलिए पार्टी ने कई मोर्चों पर काम करने की रणनीति बनाई है। सत्ता विरोधी लहर का सामना करने के लिए बीजेपी अपने 47 में से करीब 10 विधायकों के टिकट भी काट सकती है। इसके अलावा बीजेपी संगठन को चाक-चैबंद करने में जुट गई है।

पार्टी नेताओं से गुटबाजी पर लगाम कसने को कहा गया है। इसके लिए वरिष्ठ नेता संवाद कर रहे हैं। पुराने नेताओं और कार्यकताओं की शिकायतों को दूर करने की कोशिश की जा रही है। बीजेपी वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगी। वे नारायण दत्त तिवारी के बाद ऐसे दूसरे मुख्यमंत्री हैं जो पांच साल तक सीएम रहे हैं। हालांकि तिवारी लगातार पांच साल सीएम रहे थे।

राहुल के बयान पर बिफरे मान

(अशोक त्रिपाठी-हिफी फीचर)

पंजाब में भी अगले साल 2027 में ही विधानसभा का चुनाव होना है। राजनीति की यह विडम्बना है कि भाजपा से मोर्चा लेने वाली कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पंजाब में भाजपा की ही विरोधी आम आदमी पार्टी की सरकार पर विवादास्पद आरोप लगा रहे हैं। गत 4 नवम्बर को राहुल गांधी ने संगरूर में इंसाफ रैली को संबोधित किया। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री और आप नेता के बारे में कई व्यक्तिगत जानकारियां दीं। राहुल ने कहा सुबह 11 बजे तक मान के मुंह से शराब की महक आती थी। राहुल के इस बयान पर भगवंत मान और उनकी पार्टी के नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पंजाब के सीएम भगवंत मान पर हर समय शराब के नशे में रहने का आरोप लगाया तो ये बात आम आदमी पार्टी को बिल्कुल भी पसंद नहीं आई। आम आदमी पार्टी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल राहुल ने 4 नवम्बर को संगरूर में कहा था कि भगवंत मान हमेशा शराब के नशे में रहते हैं, जबकि उनका खुद का राज्य नशे की समस्या से जूझ रहा है। कांग्रेस नेता ने ये बात पंजाब में अगले साल होने वाले चुनाव के लिए बुधवार को प्रचार अभियान शुरू करने के दौरान कही। बता दें कि पंजाब चुनाव में कांग्रेस का मुकाबला इंडिया की सहयोगी आम आदमी पार्टी से होगा। राहुल गांधी ने 4 नवंबर को संगरूर में कांग्रेस की इंसाफ रैली को संबोधित करते हुए भगवंत मान संग अपनी मुलाकातों को याद किया, जब वह सांसद थे। राहुल ने कहा, मैं उनके साथ लोकसभा में था, मान हमारे साथ ही बैठते थे। वह हमारे बीच बैठकर ही चुटकुले सुनाते थे। सुबह 11 बजे तक भी उनके मुंह से शराब की महक आती थी। हालांकि राहुल ने ये भी कहा कि वह पंजाब सीएम की शराब पीने की पर्सनल चॉइस पर सवाल नहीं उठा रहे हैं, बल्कि उनका तर्क यह था कि यह मुद्दा तब अहम हो जाता है, जब पंजाब के सीएम से नशे के खिलाफ अभियान का नेतृत्व करने की अपेक्षा की जाती है।

न्यूज फ्लैश

संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, लाडवा में दिवाली उत्सव का भव्य आयोजन



लाडवा, 6 नवम्बर (कैलाश गोयल) धनोरा-लाडवा स्थित संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में दिवाली उत्सव का भव्य आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा और निर्णायक मंडल द्वारा पवित्र दीप प्रज्वलित करने और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय सचिव रविंद्र बंसल और कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गिल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने मनमोहक रैंप वॉक, युगल गायन, वाद्य यंत्र वादन, हरियाणा और पंजाब के लोक नृत्य, एकल नृत्य और एकल गीत प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए एक विशेष लकी ड्रॉ आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 7 के तन्मय ने 3100 रुपये का प्रथम पुरस्कार, कक्षा 10 के पर्व ने 2100 रुपये का द्वितीय पुरस्कार और कक्षा 8 के निकुंज ने 1100 रुपये का तृतीय पुरस्कार जीता। कक्षावार लकी ड्रॉ भी आयोजित किए गए। सुशील दुआ, पूनम शर्मा और परमजीत कौर निर्णायक मंडल में उपस्थित थे। प्रधानाचार्य ने निर्णायक मंडल के साथ सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने नन्हे बच्चों के शानदार प्रयासों और उनके अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। विद्यालय के प्रधान पवन गर्ग ने सभी को दीपावली, विश्वकर्मा, गोवर्धन पूजा और भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की । प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यालय की विशेष उपलब्धियों के बारे में बताया और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मोनिका जिंदल और गीता कंबोज ने मंच का सुंदर संचालन किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन त्योहार की शुभकामनाओं के साथ सकारात्मक ढंग से हुआ।

हकेंवि कुलपति को मिला शिक्षा के शीर्ष पांच दूरदर्शी व्यक्तित्व सम्मान

टीम एक्शन इंडिया
महेंद्रगढ़ (दिनेश नौताना) हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, दूरदर्शी नेतृत्व तथा समर्पित सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित शिक्षा के शीर्ष पांच दूरदर्शी व्यक्तित्व सम्मान से सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही उन्हें शीर्ष 30 राष्ट्रीय शिक्षा उत्कृष्टता सम्मान के अंतर्गत भी सम्मानित किया गया है। यह सम्मान एजुकेशन ग्रोथ नेटवर्क (ईजीएन कनेक्टएक्स) द्वारा प्रदान किया गया। मुंबई स्थित बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर नेस्को में 3 एवं 4 नवंबर को आयोजित सम्मान समारोह में प्रो. टंकेशवर कुमार को यह सम्मान प्रदान किया गया।

दीपावली त्योहार अंधकार से प्रकाश, बुराई से अच्छाई और निराशा से आशा की ओर जाने का प्रतीक : डा. गणेश

मार्केट कमेटी लाडवा में दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



लाडवा, 6 नवंबर (कैलाश गोयल) मार्केट कमेटी लाडवा चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि अंधकार से प्रकाश, बुराई से अच्छाई और निराशा से आशा की ओर जाने का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी भाईचारा, प्रेम और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कामना की कि यह दीपावली सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए और हर घर एक दीपक की तरह जगमगाए।
दीपों के महापर्व दीपावली के पावन अवसर पर मार्केट कमेटी लाडवा के परिसर में भव्य दीपावली मिलन एवं शुभकामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्केट कमेटी लाडवा के चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने की। चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने मार्केट कमेटी परिसर में दीप प्रज्वलित कर सभी प्रदेशवासियों, क्षेत्रवासियों, किसानों, आढ़तियों, मजदूरों और व्यापारियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में किसान, व्यापारी और मजदूर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण आज मंडियों में किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य समय पर मिल रहा है। मार्केट कमेटी लाडवा द्वारा मंडी में किसानों और आढ़तियों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। साफ-सफाई, पीने के पानी, शेड और प्रकाश व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी आढ़तियों और किसानों से आह्वान किया कि वे मंडी को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व सभी के जीवन में नई उमंग और उत्साह लेकर आता है।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे डीएसपी निर्मल सिंह ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि दीपावली का त्योहार हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। पुलिस प्रशासन आमजन की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है।मार्केट कमेटी के सचिव संत कुमार ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मंडी प्रशासन द्वारा दीपावली पर्व पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया है और मंडी परिसर को दीपों और रोशनी से सजाया गया है। कार्यक्रम के दौरान मंडी के प्रमुख आढ़तियों, किसानों और मजदूरों ने भी एक-दूसरे को दीप जलाकर और मिठाई बांटकर दीपावली की बधाई दी। पूरे परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित किसानों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी मेलजोल और भाईचारा बढ़ता है।इस अवसर पर डीएसपी निर्मल सिंह, वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंगला, मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार सहित आढ़ती, किसान और मजदूर उपस्थित रहे।

सीएम ईईई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुढ़ा में मनाई गई प्रदूषण मुक्त दीपावली



लाडवा, 6 नवम्बर (कैलाश गोयल) सीएम ईईई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुढ़ा में आज दीपावली के पावन अवसर पर कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सुंदर रंगोलियां बनाई, पेपर कटिंग के माध्यम से आकर्षक सजावट की तथा दीपों को विभिन्न रंगों से सजाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों ने प्रदूषण मुक्त एवं सुरक्षित दीपावली मनाने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री परवीन कुमार ने बच्चों को दीपावली सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक मनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा पटाखों से होने वाले प्रदूषण एवं नुकसान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कुलदीप सिंह एवं राजन धीमान ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोलियों एवं सजावटी सामग्री का अवलोकन किया तथा बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। राजन धीमान ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। साथ ही जीवन से बुराइयों और बुरी आदतों को त्यागकर अच्छे संस्कार अपनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रेम, भाईचारे और खुशियों के साथ प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया

नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत पहचानः हकेवि

टीम एक्शन इंडिया
महेंद्रगढ़ (दिनेश नौताना) हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के गणित विभाग एवं ड्रग एराडिकेशन सेल द्वारा ह्यनशा मुक्त भारत अभियानह्ल के अंतर्गत ह्यविकसित भारत की पहचानह्ल विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार रहे। इस अवसर पर भारत निर्माण युवा दल, हरियाणा के अध्यक्ष एवं हरियाणा सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी अभिमन्यु सिंह यादव आमंत्रित वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का शुभारंभ गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार के स्वागत संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने युवाओं के सर्वांगीण विकास तथा नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने नशा मुक्त समाज के निर्माण में शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।
आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता अभिमन्यु सिंह यादव ने अपने व्याख्यान में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, इसके सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों तथा युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में भव्य दीपावली मेले का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर सिंह मलिक
कुरुक्षेत्रः सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल, मोहन नगर में दीपावली के पावन अवसर पर भव्य दीपावली मेले का आयोजन बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का प्रांगण रंग-बिरंगी सजावट, रोशनी और उत्सव के उल्लास से जगमगा उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मलकित डांडा जी एवं श्री पंकज अरोड़ा जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया।
मेले में विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से हरियाणा और पंजाब की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, खान-पान एवं लोकजीवन को सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया। स्वादिष्ट मिठाइयों, खूबसूरत दीपों, मोमबत्तियों और सजावटी वस्तुओं के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इसके साथ ही बच्चों एवं अभिभावकों के



मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों और झूलों की व्यवस्था की गई, जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया।
कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रामलीला पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियों, नृत्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। इस अवसर पर श्री मलकित डांडा जी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, अनुशासन, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और विद्यालय द्वारा करवाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की खूब सराहना की। उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार, आत्मविश्वास और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर देना भी बहुत आवश्यक है। उनके उत्साहवर्धक शब्दों ने सभी को प्रेरित किया। वहीं श्री पंकज अरोड़ा जी ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।
मेले का एक विशेष आकर्षण विद्यार्थिनी यांशिता की अनोखी प्रस्तुति रही। उसकी आँखों पर पट्टी बाँधकर पुस्तक पढ़ने की गतिविधि प्रस्तुत करवाई गई। यांशिता की इस अद्भुत प्रस्तुति को देखकर उपस्थित अतिथि एवं अभिभावक आश्चर्यचकित रह गए। इस गतिविधि ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं एकाग्रता को प्रोत्साहित करने के विद्यालय के प्रयासों को दर्शाया।

विषैला धुआं छोड़ने वाले पटाखों से करें परहेजः दया सिंह

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर सिंह मलिक
कुरुक्षेत्रः पूर्व प्रिंसिपल एवं बैरागी धर्मशाला कुरुक्षेत्र के महासचिव दया सिंह स्वामी ने दीपावली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों से पर्यावरण की स्वच्छता और शुद्धता बनाए रखने के लिए विषैला धुआं छोड़ने वाले पटाखे नहीं चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों, प्रकाश और आपसी भाईचारे का त्योहार है। इसे हर्षोल्लास के साथ मनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना भी हम सभी की जिम्मेदारी है।
दया सिंह स्वामी ने कहा कि पटाखों से निकलने वाला जहरीला धुआं वातावरण को प्रदूषित करता है, जिससे सांस संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों पर पड़ता है। पटाखों के तेज शोर से ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ता है तथा पशु-



पक्षियों को भी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुका है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए प्रदूषण कम करने के लिए प्रयास करने चाहिए। दीपावली पर घरों और प्रतिष्ठानों में दीप जलाकर खुशियां मनाएं तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और बच्चों से अपील की कि वे पटाखों पर अनावश्यक खर्च करने के बजाय उस धन का उपयोग जरूरतमंदों की सहायता, शिक्षा और समाजसेवा के कार्यों में करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों की वास्तविक खुशी दूसरों के जीवन में खुशियां बांटने और प्रकृति की रक्षा करने में है।
दया सिंह स्वामी ने सभी प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आइए, हम सब मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ और प्रदूषणमुक्त वातावरण में दीपावली मनाने का संकल्प लें।

सेना अग्निवीर (पुरुष) भर्ती रैलीः युवाओं ने देश सेवा के आह्वान पर दी प्रतिक्रिया

आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।
भर्ती निदेशक ने बताया कि हरियाणा के अंबाला छावनी में 15 अक्तूबर से 27 अक्टूबर तक सेना अग्निवीर (पुरुष) भर्ती रैली का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में देशभक्ति, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का एक प्रेरणादायक नजारा देखने को मिला। राज्य भर से हजारों उत्साहित युवा एक ही सपने के साथ यहाँ जुटे थे- भारतीय सेना की वर्दी पहनना और देश की सेवा करना। यह रैली हरियाणा की सशक्त सैन्य परंपरा को दर्शाती है, जहाँ ग्रामीण और शहरी दोनों



क्षेत्रों के युवा सशस्त्र बलों में सेवा करने को गर्व और सम्मान की बात मानते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन आर्मी खडगा स्टेडियम में किया गया, जहाँ तैयारियों का जायजा जेडआरओ अंबाला के डीडीजी (भर्ती) ब्रिगेडियर आरएस चिब ने स्वयं लिया। आयोजन स्थल पर युवाओं की भारी भीड़ और ऊर्जा देखने को मिली।
वे अपने दस्तावेजों के साथ पहुँचे थे और शारीरिक फिटनेस टेस्ट के लिए तैयार थे।

विवादित टिप्पणियों के विरोध में यादव समाज मुखर

टीम एक्शन इंडिया
महेंद्रगढ़ (दिनेश नौताना) यादव सभा महेंद्रगढ़ के कन्वीनर लालचन्द यादव की अध्यक्षता में यादव धर्मशाला के सभागार में यादव समाज के प्रबुद्धजनों की एक आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक में धीरेंद्र शास्त्री द्वारा भगवान श्री कृष्ण के संदर्भ में की गई गलत टिप्पणी और दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर संगीत रागी द्वारा अहीर समाज के खिलाफ कहे गए अपशब्दों पर कड़ा रोष व्यक्त किया गया। एक सुर में इन टिप्पणियों की कड़े शब्दों में निंदा की। यादव सभा व समस्त अहीर समाज ने मांग की है कि समाज की धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले इन दोनों व्यक्तियों के खिलाफ तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

के बी स्कॉलर्स में दीपावली उत्सव मनाया गया हर्षोल्लास पूर्वक

लाडवा, 6 नवम्बर (कैलाश गोयल) के बी स्कॉलर्स स्कूल में दीपावली का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास, उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने टैलेंट शो, रंगोली , थाली डेकोरेशन, फैंसी लाइट्स, दीया डेकोरेशन ,कैंडल डेकोरेशन आदि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी और रंग-बिरंगी सजावट से जगमगा उठा।
इस अवसर पर विद्यालय के संचालक डॉ. एस. सी. जिंदल ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दीपावली केवल रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव, एकता और सकारात्मकता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने बच्चों की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चे अपनी संस्कृति और विरासत से जुड़ते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रदूषण मुक्त एवं सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली हमें अंधकार से प्रकाश की ओर तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य और सुख-समृद्धि की कामना की।

मरणोपरांत राष्ट्र को समर्पित हुई संतरो इन्सां, आंखें व शरीरदान किए

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर सिंह मलिक
कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र के सेक्टर-7 निवासी 60 वर्षीय संतरो इन्सां की मृत्यु के उपरांत पहले उनकी आंखों का दान किया गया और फिर मेडिकल शोध के लिए शरीर का दान किया गया। आंखों को करनाल के अर्पणा आई बैंक में सुरक्षित किया गया, वहीं शरीर को देहरादून के इरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, धूलकोट देहरादून में भेजा गया है। संतरो इन्सां के पति व नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से सेवानिवृत्त सीनियर ड्राफ्टमैन रामनिवास जागलान ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा में उनकी पत्नी ने शरीरदान व आंखे दान का फार्म भरा हुआ था। गुरुवार देर सायं उनकी बीमारी के चलते देहांत हो गया था, आंखे देर सांय ही अर्पणा आई बैंक द्वारा सुरक्षित की गई और शरीरदान शुक्रवार सुबह किया गया है। उन्होने बताया कि उनकी अंतिम इच्छा थी कि उनकी आंखों का दान किया जाए ताकि दो अंधरी जिंदगियों को रोशनी मिल सके व देहदान किया जाए ताकि चिकित्सीय शोध में वे राष्ट्र के काम आ सकें। शुक्रवार सुबह जैसे ही उनके शरीर का दान किया जा रहा था, सेक्टर-7 में संतरो इन्सां अमर रहे के नारों से आसमान गूंज गया। शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर कमेटी के सदस्य, परिजन व रिश्तेदार मानव



श्रृंखला बनाकर एंबुलेंस के साथ मुख्य मार्ग तक गए व अंतिम विदाई दी। लोगों ने एंबलेंस पर पुष्पवर्षा भी की। संतरो इन्सां अपने पीछे पति रामनिवास जागलान, बेटे दीपक इन्सां व गीता इन्सां, पुत्रवधू गीता इन्सां, पौत्र लोकेश व पौत्री जैस्मिन को छोड़ गई हैं।
अंतिम विदाई में पहुंचे लाडवा के व्यवसायी जसबीर सिंह ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा की यह पहल सरानीय है, जिनकी शिक्षाओं पर चलते हुए श्रद्धालु मरणोपरांत आंखों का दान कर रहे हैं व शरीर को भी चिकित्सीय शोध के लिए मेडिकल कॉलेजों में भेज रहे हैं। यह कर्म सच्चे राष्ट्रप्रेमी की निशानी है। वे ऐसी आत्मा व परिवार को सैल्यूट करता हूँ। डेरा सच्चा सौदा के सच्चे नम्र सेवादार संदीप अन्नू, प्रवीण कड़ामी, जगस्वर्ण, मा. ओमप्रकाश ने कहा कि संतरो इन्सां बाद में भी याद रखी जाएंगी। उनकी आंखों से दो अंधरी जिंदगियों में रोशनी मिलेगी। उनके शरीर पर चिकित्सा शोध होगा, जिससे मेडिकल के शोधार्थियों को शोध में लाभ मिलेगा। शरीरदान के दौरान देखा गया कि संतरो इन्सां की अर्थी को बेटों के साथ साथ पुत्रवधु ने भी कंधा दिया।

समग्र शिक्षा कार्यालय में मनाया दिवाली पर्व, उप जिला शिक्षा अधिकारी के.एस. संधावा ने दी शुभकामनाएं

टीम एक्शन इंडिया
यमुनानगर, (संदीप वशिष्ठ)
धनतेरस के पावन अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान यमुनानगर, के.एस. संधावा ने जिला परियोजना कार्यालय में अपने समस्त स्टाफ के साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लास एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मिठाई भेंट कर दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके योगदान की सराहना की।
के.एस. संधावा ने कहा कि कार्यालय की सुचारु कार्यप्रणाली



में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये कर्मचारी पूरे वर्ष सुबह से शाम तक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्यालय के दैनिक कार्यों, फाइलों के रखरखाव एवं आवागमन, कार्यालय में आने वाले आगंतुकों की चाय-पानी की व्यवस्था तथा उनके कार्यों को सुगमता से संपन्न करवाने में महत्वपूर्ण सहयोग देते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता केवल अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक सहयोगी के समर्पण और मेहनत से संभव होती है। प्रत्येक कर्मचारी सम्मान का अधिकारी है।

समक शाह धाम को बनाएंगे भव्य तीर्थस्थल, कुंड में भगवान शिव प्रतिमा स्थापित: विधायक कादियान

स्थापित

बाबा समक शाह ऋषि धाम में धार्मिक आस्था के साथ विकास की नई तस्वीर दिखाई देने लगी है



टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर। गांव खुबडू स्थित बाबा समक शाह ऋषि धाम में धार्मिक आस्था के साथ विकास की नई तस्वीर दिखाई देने लगी है। धाम के पवित्र कुंड में भगवान शिव की प्रतिमा विधिवत रूप से स्थापित की गई। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान भी मौजूद रहे।

प्रतिमा स्थापना के साथ परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य भी तेजी से हो रहा है। लगभग 4 एकड़ में फैले इस धार्मिक स्थल को तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने के लिए करीब एक करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इसमें विधायक निधि और ग्राम पंचायत का सहयोग है।

कुंड के बीच करीब 15 फीट ऊंचे पिलर पर शिव प्रतिमा स्थापित होने से धाम का स्वरूप और आकर्षक हो गया है। परिसर में श्रद्धालुओं के लिए महिला-पुरुष के अलग शौचालय, चारदीवारी और शेड बनाए गए है। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि बाबा समक शाह ऋषि धाम केवल खुबडू ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों की आस्था का केंद्र है।

ऐसे धार्मिक स्थलों का संरक्षण करना और उन्हें बेहतर सुविधाओं से जोड़ना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर महंत दीपक नाथ, सरपंच गुरमेल धनखड़, सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन कुमार, मंजीत चीमा, ओमबीर, ओमप्रकाश, सुरेंद्र, नरेश, आजाद, हरिओम, मेहर सिंह समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

पानीपत क्रिकेट अकेडमी ने आरजे इंटरनेशनल सीरीज में किया क्लीन स्वीप

क्रिकेट सीरीज

तीनों मैचों में पानीपत अकेडमी के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल और तालमेल का प्रदर्शन किया।



टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर। शेखपुरा स्थित यूनिक क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित आरजे इंटरनेशनल क्रिकेट सीरीज में पानीपत क्रिकेट अकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए युवराज सिंह क्रिकेट अकेडमी को लगातार तीन मुकाबलों में हराकर सीरीज पर 3-0 से कब्जा किया। तीनों मैचों में पानीपत अकेडमी के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल और टीम तालमेल का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी रोहित त्यागी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विजेता टीम को पुरस्कार व ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है। हरियाणवी कलाकार योगी दहिया, हैंडीकैप क्रिकेट अकेडमी के महासचिव अशोक शर्मा और एंकर अरुण गोस्वामी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कोच रमाकांत जांगड़ा, अनिल कुमार, अमित सरोहा और देवेंद्र सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

न्यूज फ्लैश

अंबाला की धरती से 1857 की क्रांति का बिगुल बजा, अब देश-दुनिया देखेगी आजादी की पहली लड़ाई का गौरवशाली इतिहास : अनिल विज

हरियाणा के ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि 1857 की क्रांति का बिगुल अंबाला छावनी की धरती से मेरठ से भी पहले बजा था, लेकिन इतिहास में इस गौरवशाली अध्याय को वह स्थान नहीं मिला, जिसका यह हकदार था। आजादी की लड़ाई में अंबाला छावनी के वीर सैनिकों और क्रांतिकारियों के योगदान को दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से 22 एकड़ में एशिया का सबसे बड़ा 1857 की क्रांति का शहीदी स्मारक तैयार किया गया है। इसका लोकार्पण केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने किया है। यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को देश की आजादी के लिए दिए गए बलिदान और संघर्ष की गाथा से रूबरू करवाएगा।

श्री विज शहीद स्मारक के लोकार्पण के बाद आयोजित जनसभा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बचपन से स्कूल और कॉलेज में पढ़ाया जाता रहा कि आजादी की लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी, लेकिन इतिहास का गहराई से अध्ययन करने पर पता चला कि 1857 की क्रांति का वास्तविक इतिहास इससे कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने बताया कि अंबाला में 10 मई 1857 से पहले ही अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष की तैयारियां शुरू हो चुकी थीं। अंग्रेजों के उस समय के सरकारी दस्तावेजों सन 1923-24 के गजेटियर में भी 10 मई को अंबाला छावनी में सैनिकों के विद्रोह का उल्लेख मिलता है, जोकि इस समय अंग्रेजों द्वारा लिखा जाता था।

उन्होंने कहा कि इतिहासकारों की पुस्तकों, अंग्रेज अधिकारियों के दस्तावेजों और पुराने नक्शों के अध्ययन से अंबाला में हुए संघर्ष के कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाने वाले सैनिकों को दबाने के लिए कार्रवाई की गई। सरकारी दस्तावेजों में अगस्त माह में परेड ग्राउंड में हुई एक घटना का भी उल्लेख है, जहां गोलीबारी में महज 10 मिनट के भीतर 135 भारतीय सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया गया था। उन्होंने कहा कि इन वीरों के बलिदान को उचित सम्मान दिलाने के लिए उन्होंने करीब 25 वर्षों तक लगातार आवाज उठाई और कई सरकारों के सामने स्मारक बनाने की मांग रखी।

विज ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी उन्होंने यह मांग उठाई थी और तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दस्तावेजों के सत्यापन के बाद स्मारक बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन उस समय यह सपना पूरा नहीं हो पाया। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के सामने सभी ऐतिहासिक दस्तावेज रखे। मुख्यमंत्री ने स्मारक निर्माण को मंजूरी दी और आज अंबाला में 22 एकड़ में यह भव्य स्मारक बनकर तैयार है।

उन्होंने बताया कि स्मारक का भूमिपूजन 10 मई 2015 को किया गया था, ताकि इस दिन को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने की परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके। इसके बाद 11 मई 2015 को तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इसका शिलान्यास किया था।

मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि स्मारक में 22 गैलरियां बनाई गई हैं, जिनमें अंबाला से लेकर मेरठ, रानी लक्ष्मीबाई और राव तुलाराम सहित देशभर के क्रांतिकारियों के संघर्ष और बलिदान को आधुनिक तकनीक के माध्यम से दर्शाया गया है। यहां इतिहास को देखने और समझने के लिए कम से कम छह घंटे का समय लेकर आना होगा। स्मारक में 63 मीटर ऊंचा कमल का फूल की आकृति का मेमोरियल टावर भी बनाया गया है, जिसका ऐतिहासिक महत्व है। इसके अलावा 300 सीटों का ऑडिटोरियम, लिफ्ट और अन्य आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। उन्होंने कहा कि स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धांजलि देने वाला व्यक्ति जब निर्धारित श्रद्धांजलि गैलरी में जाकर तकनीकी डिजिटल रूपी स्क्रीन पर हाथ रखेगा तो उसका नाम दर्ज होगा और उसके सम्मान में एक ज्वाला आकाश की ओर उठेगी। यह व्यवस्था शहीदों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है।मंत्री श्री अनिल विज ने कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल, बीजेपी प्रभारी स्मृति ईरानी सहित सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

रेणु विद्या मंदिर में भव्य दीपावली मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

बधाई

संस्थान के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने सभी को दीपावली की बधाई दी



राई। रेणु विद्या मंदिर, बहालगढ़ में सुशील गुप्ता स्मृति सभागार में भव्य दीपावली मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी राई उषा देवी, बहालगढ़ के सरपंच राजेश तथा इनर व्हील क्लब सोनीपत की अध्यक्ष डॉ. कमलेश मलिक, भाजपा नेता नरेंद्र धीमान उपस्थित रहे संस्थान की निदेशक ध्वनि गुप्ता तथा प्रबंध निदेशक उत्सव गुप्ता ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। संस्थान के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने सभी को दीपावली की बधाई दी तथा प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। मेले में रेणु विद्या मंदिर के विशेष विद्यार्थियों और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं। निदेशक ध्वनि गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और प्रतिभा निखारने का अवसर देते हैं। अंत में विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुलहाड़े ने सभी अतिथियों, विद्यालयों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

नेशनल स्कूल गेम्स में पहलवान लव और कुश ने जीते पदक

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर: दिल्ली में 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित नेशनल स्कूल गेम्स में पुरखास गांव के दो सगे पहलवान भाइयों ने कुश्ती में शानदार प्रदर्शन किया। बड़े भाई लव गुलिया ने 92 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि छोटे भाई कुश गुलिया ने 80 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। दोनों की उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर है।

खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, दादा बलवान गुलिया, गुरु सुभाष मलिक और कोच अमित साल्वे को दिया।



पदक जीतकर लौटने पर दोनों भाइयों का उनके पिता एवं अंतरराष्ट्रीय पहलवान एसीपी रमेश गुलिया ने स्वागत किया। इस दौरान गुरु सुभाष मलिक, कोच अमित साल्वे और अली पहलवान ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। ग्रामीणों ने दोनों भाइयों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया का भाजपा नेता माई- राम कौशिक ने किया स्वागत

टीम एक्शन इंडिया

राई । भाजपा नेता माई राम कौशिक को केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया का स्वागत किया।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें पौधा भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच आत्मीय संवाद हुआ। माई राम कौशिक ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति और सहज व्यवहार



ने इस मुलाकात को यादगार बना दिया। भाजपा नेता माई राम कौशिक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया पौधा भेंट करने का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली का संदेश देना भी है।

राई ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल कर पायल को घर पहुंचकर किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया

राई । वार्ड नंबर 7 की होनहार बेटी पायल राई ने 12वीं कक्षा में राई ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्र की उपलब्धि पर वार्ड नंबर 7 के जनसेवक ललित तुशीर पायल के घर पहुंचे। उन्होंने बेटी को मिठाई खिलाकर बधाई दी और ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान नगर पालिका कुंडली के पार्षद महावीर, हर्ष भारद्वाज, दीपक शर्मा एवं जगबीर भी मौजूद रहे और पायल को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ललित तुशीर ने अपने संबोधन में कहा कि पायल ने



अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह उपलब्धि हासिल कर पूरे वार्ड और कुंडली क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करने और उनका उत्साह बढ़ाने के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहेंगे, ताकि युवा पीढ़ी आगे बढ़कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करे।

खेत से मोटर की केबल चोरी करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हिसार: अग्रोहा थाना पुलिस ने गांव कालीरावण के खेतों से मोटर की केबल चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा मोटर केबल जली हुई हालत में बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सदलपुर निवासी चन्द्र मोहन, आदमपुर निवासी सुरेन्द्र व कालीरावण निवासी विकास के रूप में हुई है। अग्रोहा थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक सुभाष ने शुक्रवार को बताया कि इस संबंध में गांव कालीरावण निवासी मुकेश ने शिकायत दी थी कि कोई व्यक्ति उसके खेत से मोटर की केबल चोरी कर ले गए हैं।

दीपावली मिलन कार्यक्रम में पत्रकारों ने दिया भाईचारे और सहयोग का संदेश

मासिक बैठक

पत्रकार समाज और राष्ट्र के हित में समर्पण भाव से करें कार्य : दलबीर सिंह मलिक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर सिंह मलिक

कुरुक्षेत्र: ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की जिला कुरुक्षेत्र इकाई की ओर से एक निजी होटल में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों एवं पत्रकार साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे को



दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समारोह में ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के मुख्य प्रदेश संरक्षक दलबीर सिंह मलिक, प्रदेश मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया तथा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी वालिया विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य प्रदेश संरक्षक दलबीर सिंह मलिक ने सभी पत्रकार साथियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारों को समाज और राष्ट्र के हित में पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए। पत्रकारिता केवल समाचारों के प्रकाशन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को सही दिशा दिखाने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि दीपावली मिलन एवं होली मिलन जैसे आयोजन आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और संगठनात्मक एकता को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से एक-दूसरे के साथ विचार साझा करने और आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आह्वान किया कि वे संगठन की मजबूती के लिए मिल-जुलकर कार्य करें, एक-दूसरे का सहयोग करें और समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

भाजपा नेता एवं मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया का स्वागत किया



टीम एक्शन इंडिया

राई । भाजपा नेता एवं मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया का स्वागत किया। भाजपा नेता एवं मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने केंद्रीय मंत्री के स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गन्ना 600 रुपये नहीं तो मुख्यमंत्री आवास पर बैठेगी किसान पंचायत : रतन मान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। गन्ने से बनने वाली तमाम चीजें महंगी और किसानों का गन्ना सस्ता है। सरकार ने गन्ना किसानों के साथ खुला विश्वासघात किया है। गन्ने के भाव 600 रुपये प्रति क्विंटल करवाने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में मंगलोरा गांव में गन्ना किसानों की महापंचायत आयोजित की गई। महापंचायत की अध्यक्षता युवा किसान नेता जसविंदर मंगलोरा ने की। महापंचायत में किसान नेता सुरेश कोथ, किसान नेता जोगिंदर नैन, कामरेड सुमित सहित कई प्रमुख किसान नेताओं ने शिरकत की।

महापंचायत में सर्वसम्मति से गन्ने के रेट की बढ़ोतरी के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत शुगर मिलों में पंचायत करते हुए 2 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास का घेराव किया जाएगा।

संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य व भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने बताया कि गन्ना किसानों की राज्य स्तरीय पंचायत हुई, जिसमें गन्ने का भाव बढ़ाकर 600 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग को लेकर आंदोलन की योजना बनाई गई। उन्होंने कहा कि सरकार अगर किसानों की मांग नहीं मानती तो किसान आंदोलन को और तेज करने को मजबूर होंगे।

रतन मान ने कहा कि गन्ना किसानों को लागत का पूरा भाव न मिलने से किसान भारी घाटा वहन करने को मजबूर है।



गन्ने से मिलने वाली चीनी, इथेनॉल उद्योग तो मुनाफा कमा रहे हैं और गन्ना पैदा करने वाला किसान घाटे में है। गन्ना तो 4 रुपये 15 पैसे प्रति किलो है, जबकि चीनी 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इसी नीति के चलते किसान गन्ने की खेती छोड़? पर मजबूर है।

उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों की सालभर की मुख्य फसल है, जिसमें वर्तमान रेट में किसानों को कोई फायदा नहीं होगा। केंद्र सरकार भी लगातार ऐसी नीतियां बना रही है जो सहकारी शुगर मिलों के खिलाफ हैं। सरकार द्वारा किसानों की मांगों के अनुरूप भाव न देने से किसानों में भारी आक्रोश है।

टाल देती है सरकार

रतन मान ने कहा कि सरकार हर बार किसानों को आश्वासन देकर टाल देती है, लेकिन इस बार किसान आश्वासन से नहीं मानेंगे। किसान को उसका हक चाहिए।

गन्ने की खेती में खाद, बीज, दवाई, डीजल, मजदूरी और सिंचाई का खर्च लगातार बढ़ रहा है। एक एकड़ गन्ने की खेती पर किसान का 80 से 90 हजार रुपये तक खर्च आ जाता है, जबकि सरकार जो भाव दे रही है उसमें किसान की लागत भी पूरी नहीं हो रही। ऊपर से शुगर मिलें समय पर भुगतान नहीं करतीं, जिससे किसान को कर्ज के बोझ तले दबना पड़ता है।

यह अन्याय है

उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि किसानों की आमदनी दोगुनी करेंगे, लेकिन जमीन पर हालात उल्टे हैं। गन्ने का भाव पिछले कई सालों से मामूली बढ़ाया जा रहा है, जबकि महंगाई कई गुना बढ़ गई है। चीनी मिलें चीनी के साथ-साथ शीरा, खोई, इथेनॉल और बिजली बेचकर करोड़ों रुपये कमा रही हैं, लेकिन किसान को उसका हिस्सा नहीं दिया जा रहा। यह सरासर अन्याय है।

आंदोलन होगा

महापंचायत में किसानों ने तय किया कि या तो सरकार रेट बढ़ोतरी की घोषणा करे, अन्यथा किसान आंदोलन छेड? को मजबूर होंगे, जिसकी शुरूआत मिलों में पंचायत से की जाएगी और जरूरत पड़ी तो मिल गेटों पर तालाबंदी भी करेंगे।

किसान सबसे मेहनती

किसान नेता सुरेश कोथ ने कहा कि हरियाणा का गन्ना किसान पूरे देश में सबसे मेहनती है। वह दिन-रात खेत में मेहनत करके गन्ना पैदा करता है, लेकिन सरकार उसकी मेहनत का मोल नहीं समझ रही। उन्होंने कहा कि जब तक 600 रुपये का भाव नहीं मिलेगा, तब तक किसान पीछे नहीं हटेगा। यह लड़ाई सिर्फ गन्ने के भाव की नहीं, बल्कि किसान के स्वाभिमान की लड़ाई है।

किसान गन्ना उगाना छोड़ देगा

किसान नेता जोगिंदर नैन ने कहा कि सरकार को समझना चाहिए कि अगर किसान गन्ना बोना छोड़ देगा तो शुगर मिलें किससे चलेंगी। मिलों के कर्मचारी, ट्रांसपोर्टर, मजदूर सबका रोजगार गन्ने से ही चलता है। गन्ना किसान को मारना मतलब पूरे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मारना है। इसलिए सरकार को तुरंत 600 रुपये भाव की घोषणा करनी चाहिए।

दिल्ली गैस चैंबर में तब्दील, सांसों पर संकट के बावजूद सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है: देवेन्द्र यादव



टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में खतरनाक वायु प्रदूषण और यातायात जाम के कारण एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 400 अंक को पार कर अत्यंत गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है, राजधानी एक गैस चैम्बर में बदल गई है। रेखा गुप्ता सरकार की शीतकालीन कार्य योजना अभी तक जहरीली हवा के प्रभाव को रोकने के लिए जमीन पर कोई प्रभाव दिखाने में नाकाम साबित हुई है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, राजीव भवन में इंटक कार्यकारिणी की एक बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने राजधानी में गंभीर रुप ले रहे वायु प्रदूषण पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है और चेतावनी दी है कि लोग खतरनाक प्रदूषण से बचने की कोशिश करें क्योंकि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए सरकार और अधिकारियों द्वारा अब तक उठाए गए सभी कदम पूरी तरह से विफल रहे हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछली आम आदमी पार्टी सरकार और ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार दिल्ली की खतरनाक हवा के लिए पराली जलाने को प्राथमिक कारण मानती रही है, लेकिन दिल्ली कांग्रेस पिछले कई वर्षों से यह बताती रही है कि राजधानी से वाहनों का उत्सर्जन और निर्माण व टूटी सड़कों से निकली धूल जहरीली हवा का प्रमुख कारण है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अपने वक्तव्य के साथ वैध बताया है कि दिल्ली-एनसीआर से रेंगने वाले यातायात और बड़े वाहनों से वाहनों का उत्सर्जन प्रदूषण का प्रमुख कारण है। बैठक में देवेन्द्र यादव के साथ इंटक के चेयरमैन चौधरी जिले सिंह, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रिषी पाल, प्रदेश महामंत्री सत्य व्रत पुनिया, ओमपाल बट्टू, करण, किशन यादव, सुभाष चद्र, मनोज विद्रोही, संजीव, श्याम सुंदर, नितिन कपिल और मोहित अवाना आदि ने हिस्सा लिया। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में रहने वाले लाखों लोग बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हो रहा है क्योंकि लोग अशुद्ध हवा में सांस लेने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने मांग की कि रेखा गुप्ता सरकार को पुनर्विचार करके संशोधित शीतकालीन कार्य योजना को तुरंत लागू करना चाहिए।

न्यू भारतीय सफाई कामगार यूनियन ने मनाया धनतेरस का पर्व



टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: धनतेरस के पावन अवसर पर दिल्ली के केशवपुरम स्थित 'न्यू भारतीय सफाई कामगार यूनियन' के राष्ट्रीय कार्यालय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ धनतेरस का पर्व मनाया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को यूनियन की तरफ से दीपावली और धनतेरस की शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही समाज के सभी वर्गों, अधिकारियों और राजनीतिक दलों के नेताओं को बधाई संदेश प्रेषित किया गया। यूनियन की ओर से कड़ा संदेश देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बैनिवाल ने कहा कि देश में ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा न दिया जाए। इस मौके पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनीवाल, नितिन कुमार दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, सुरेश नवजोतन दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेश राजपूत दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष, सुरेश सांवरिया ग्रीन पार्क जॉन महासचिव, राजकुमार पिहाल, राकेश खंडेरा, अशोक चित्रकार, जगबीर चंदेलिया, मनोज खरे, बीपी गोड़ीयाल, संजय भगवान, मदन वाल्मीकि मौजूद रहे।

कैम्स कॉन्वेंट स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली पर्व



टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: कैम्स कॉन्वेंट स्कूल में दीपावली का पावन पर्व 'दीपोत्सव : हवन, खुशियाँ और सद्भावना' थीम के अंतर्गत बड़े उत्साह, उमंग एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को उत्सव के रंगों से सजाया गया और चारों ओर आनंद एवं उल्लास का वातावरण छा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ हवन द्वारा किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन खेमचंद सैनी ने हवन में बैठकर आहुतियाँ अर्पित कीं तथा विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उनके सान्निध्य ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। हवन के पश्चात विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मनमोहक प्रस्तुतियों, प्रभावशाली भाषणों एवं शिक्षाप्रद नाटकों के माध्यम से दीपावली के महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा किया गया दान एवं सेवा कार्य रहा। विद्यार्थियों ने जरूरतमंदों की सहायता हेतु स्टेशनरी सामग्री, वस्त्र एवं खाद्य सामग्री के पैकेट लाकर दान किए। इस पहल ने विद्यार्थियों में दया, करुणा, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनिया सैनी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर प्रेम, सद्भावना और मानवता का प्रकाश जगाने का अवसर है। उन्होंने सभी को सुरक्षित, स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने का संदेश दिया। समस्त कार्यक्रम अत्यंत आनंदमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सभी ने मिलकर दीपावली उत्सव का भरपूर आनंद लिया।







दीपावली और धनतेरस पर नगर निगम परिवार को महापौर व निगमायुक्त ने दी शुभकामनाएं

शुभकामनाएं

- अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों को मिठाई भेंट कर साझा की पर्व की खुशियां



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। दीपावली एवं धनतेरस के पावन अवसर पर नगर निगम कार्यालय के सभागार में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सफाई मित्रों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं और सभी को दीपावली एवं धनतेरस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने निगम परिवार के सभी सदस्यों को मिठाई के डिब्बे भेंट कर उनके सुख, समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना की।

परिवार और समाज के साथ मिलकर मनाएं दीपावली, सुरक्षित पर्व मनाने का लें संकल्प : महापौर

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि दीपावली खुशियों, आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकजुटता का पर्व है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने परिवार तथा समाज के लोगों के साथ मिलकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाएं। त्योहार हमें आपसी रिश्तों को मजबूत करने और एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि दीपावली का पर्व सुरक्षित एवं जिम्मेदारी के साथ मनाएं।

महापौर ने कहा कि नगर निगम परिवार एक टीम के रूप में कार्य करते हुए शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने और करनाल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शहर में स्वच्छता, विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इन प्रयासों को सफल बनाने में प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी और सफाई मित्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी से इसी प्रकार पूरी निष्ठा, मेहनत और समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहने का आह्वान किया।

महापौर ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के करनाल दौरे के दौरान सफल आयोजन को लेकर पिछले कई दिनों से लगातार मेहनत कर रहे नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी ने टीम भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया। शहर में आए बड़े-बड़े मंत्रियों एवं नेताओं ने करनाल की सुंदरता और स्वच्छता की प्रशंसा की है, जो नगर निगम की पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सफाई मित्रों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

मेहनत और टीम भावना से करनाल विकास एवं स्वच्छता में बना रहा नई पहचान : सलोनी शर्मा

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने भी सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों को दीपावली और धनतेरस की शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि मां लक्ष्मी सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें तथा यह पावन पर्व हर किसी के जीवन में सुख, शांति, खुशहाली, सुख-सम्पत्ति और समृद्धि लेकर आए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी मेहनत, लगन और जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। सामूहिक प्रयासों और सकारात्मक सोच के परिणामस्वरूप निगम अनेक लक्ष्यों को प्राप्त कर चुका है तथा कई महत्वपूर्ण लक्ष्यों की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

निगमायुक्त ने कहा कि महापौर रेणु बाला गुप्ता के नेतृत्व में नगर निगम करनाल शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं और स्वच्छता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

घर-आंगन, तन-मन को शुद्ध करने के लिए काम हो : डॉ. चौहान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के सभा कक्ष में धनतेरस के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि धनतेरस केवल धन और वैभव की कामना का पर्व नहीं, बल्कि आरोग्य, स्वच्छता, सकारात्मकता और समृद्ध जीवन का संकल्प लेने का भी अवसर है।

उन्होंने कहा कि भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद और आरोग्य का देवता माना जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को आज के दिन अपने स्वास्थ्य को लेकर नए सिरे से संकल्पित होना चाहिए। स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता और सकारात्मक चिंतन को प्राथमिकता दें।



इस अवसर पर भगवान धन्वंतरि की आराधना की गई तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से धन्वंतरि मंत्र का पाठ किया। डॉ.चौहान ने कहा कि धनतेरस का वास्तविक संदेश अपने जीवन को हर प्रकार के दारिद्र्य, नकारात्मकता और क्षुद्रताओं से मुक्त करने का है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने भवन, तन और मन को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सकारात्मक बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समृद्धि का अर्थ केवल आर्थिक संपन्नता नहीं है, बल्कि स्वस्थ शरीर, निर्मल मन, स्वच्छ परिवेश, श्रेष्ठ विचार और सामाजिक सद्भाव भी वास्तविक समृद्धि के आधार हैं। संस्थान के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपने व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ संस्थान के कार्य परिवेश को भी स्वस्थ, स्वच्छ और सकारात्मक बनाने में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में सहायक आचार्य संदीप भारद्वाज, सहायक आचार्य सुशील मेहता, अटवान के सरपंच विक्रम सिंह, ईश्वर सिंह, रजनीश कुमार, महेंद्र सिंह, बलवान सिंह सहित संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विकास एवं पंचायत कार्यालय समालखा की तरफ से दिवाली मिलन समारोह का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
बापोली /समालखा, 7 नवंबर।* आज दिनांक 7.11.2026 को खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय समालखा की तरफ से दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में समालखा खंड के विभिन्न गांवों के सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सहयोग को मजबूत करने का संदेश दिया।

समारोह में श्री पहल सिंह सरपंच हथवाला, मनीष सरपंच ताजपुर, वजीर सिंह सरपंच बेगमपुर, पिकू सरपंच, सुदेश कुमार सरपंच, प्रवीण सरपंच, बलवीर सरपंच, सुनील कुमार



सरपंच, नरेश कुमार, संदीप कुमार सरपंच सहित कई गांवों के सरपंचों ने भाग लिया।

इस दौरान श्री शांति देवी, प्रधान, एबीपीओ व अन्य अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अधिकारियों ने सरपंचों के सहयोग की सराहना की और कहा कि विकास कार्यों में पंचायतों की भूमिका सबसे अहम है।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और मिठाई बांटकर खुशियां साझा की गईं।

राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

टीम एक्शन इंडिया
कमल मिड्ढा
करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाकर 5 दिसंबर कर दी गई है। इन पुरस्कारों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ टाइम अचीवर्स अवॉर्ड, सरकारी कर्मचारी तथा सामाजिक कार्यकर्ता और महिला उद्यमी पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के लिए राशि क्रमशः 5 लाख, डेढ़ लाख, एक लाख, एक लाख, 51 हजार, 21-21 हजार की राशि प्रदान की जाएगी।

हिंदू हाई स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में हवन का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
लाडवा, 6 नवम्बर (कैलाश गोयल) हिंदू हाई स्कूल, लाडवा में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में पाँच दिवसीय दीपावली उत्सव के अंतर्गत हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मैनेजर योधराज बंसल, कोषाध्यक्ष निर्मल नीरज तथा गौरव कंसल विशेष रूप से उपस्थित रहे। हवन का आयोजन आचार्य विक्रमादित्य के सानिध्य में विधिपूर्वक एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समिति के मैनेजर योधराज बंसल, कोषाध्यक्ष निर्मल नीरज, सदस्य गौरव कंसल,नीरज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण की स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या योगिता अहलूवालिया ने सभी अतिथियों एवं आचार्य विक्रमादित्य का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह त्योहार खुशियों, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है। इसे मनाते समय हमें अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिए तथा अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखते हुए पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देना चाहिए।



न्यूज फ्लैश

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए 05 दिसंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

सिरसा, (रणबीर खटक)
महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा वर्ष 2026-2027 के राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए पात्र महिलाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को सम्मानित किया जाएगा।
इन पुरस्कारों में सुषमा स्वराज पुरस्कार, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, सरकारी कर्मचारी पुरस्कार, सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार और महिला उद्यमी पुरस्कार शामिल हैं। इन पुरस्कारों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पात्र महिलाएं 05 दिसंबर तक विभाग के पोर्टल एचटीटीपीएसः//ऑनलाइनएमआईएस.डब्ल्यूसीडीएचआरवाई.जीओवी.इन/ग ौरव के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। डाक, कूरियर या अन्य किसी ऑफलाइन माध्यम से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पुरस्कारों से संबंधित नियम एवं शर्तें भी विभाग के इस पोर्टल पर देखी जा सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक महिलाएं लघु सचिवालय के नजदीक वन स्टॉप सेंटर, सिरसा में संपर्क कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त, दूरभाष नंबर 01666-297752, 98885-02330 और 94168-83299 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जिला की मंडियों में 7.13 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की आवक

टीम एक्शन इंडिया
कमल मिड्ढा
करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जिला की मंडियों में धान की आवक जारी है। गत दिवस तक जिला की विभिन्न मंडियों में 7 लाख 13 हजार 705 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है, जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 292410 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 132441 व हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 161213 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। इसमे से 479499 मीट्रिक टन धान का उठान किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकारी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्यों पर फसलों को खरीदा जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत पेश न आए और मंडियों में समय पर धान का उठान सुनिश्चित किया जाए।

गुरुग्रामः स्वदेशी अपनाकर जरूरतमंद परिवारों के जीवन में खुशियों के दीप जलाएंः सर्वप्रिय त्यागी

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम के जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज के पावन अवसर पर समस्त गुरुग्रामवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की मंगलकामना की। जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने शुक्रवार को कहा कि दीपावली केवल घरों को रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में आशा, विश्वास और खुशियों का प्रकाश फैलाने का अवसर है। यह पर्व हमें अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की विजय का संदेश देता है। सर्वप्रिय त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यवोकल फॉर लोकलह्ण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए नागरिकों से इस दीपावली स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने और स्थानीय व्यापारियों से अधिक से अधिक खरीदारी करने की अपील की। जिलाध्यक्ष ने अपील करते हुए कहा कि इस दीपावली केवल सिर्फ अपने घर का आंगन ही रोशन न करें, बल्कि किसी गरीब कारीगर के घर भी खुशियों का दीप जलाएं।

धनतेरस (धन्वंतरि दिवस) के शुभ अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
बबैन 6 नवंबर (संदीप दहिया)
आज बबैन के गांव कलाल माजरा में आयुर्वेदिक अधिकारी, कुरुक्षेत्र के दिशा-निर्देशानुसार आयुष ग्राम कलाल माजरा में धनतेरस (धन्वंतरि दिवस) के शुभ अवसर पर निःशुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ ग्राम सरपंच श्री सोहन लाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी ग्रामवासियों को दीपावली की शुभकामनाएँ दी गईं। शिविर में डॉ. संतोष (AMO) एवं डॉ. स्मृति (HMO) द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रोगानुसार चिकित्सा परामर्श दिया गया। श्री धर्मवीर एवं श्री अरुण कुमार (फार्मासिस्ट) द्वारा निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। श्रीमती अनु एवं श्री राय सिंह योग सहायक द्वारा योग सत्र का आयोजन किया गया। श्रीमती बेबी रानी (TD) एवं श्री अशोक कुमार (पार्ट टाइम) का शिविर की व्यवस्थाओं में सराहनीय योगदान रहा। शिविर में लाभान्वित व्यक्तियों का विवरण निम्नलिखित हैःकुल ओपीडी - 116,आयुर्वेदिक OPD – 65,होम्योपैथिक OPD – 51 BP स्क्रीनिंग – 45 शुगर टेस्ट – 16 हुए

छात्राओं की सुरक्षा को लेकर करनाल पुलिस सजग

जागरूकता

- -छात्राओं को बताए सुरक्षा के उपायए गुड टच-बैड टच एवं पोक्सो एक्ट के बारे में दी जानकारी



टीम एक्शन इंडिया
कमल मिड्ढा
करनाल।
महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुटेल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को महिला सुरक्षा, महिला अपराधों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान महिला निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के उत्पीड?, शोषण अथवा गलत व्यवहार को चुपचाप सहन न करें, बल्कि इसकी जानकारी तुरंत अपने परिजनों, शिक्षकों या पुलिस को दें। उन्होंने छात्राओं को गुड टच-बैड टच के अंतर को समझाते हुए संदिग्ध व्यक्तियों से सतर्क रहने तथा विद्यालय आते-जाते समय अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान महिला निरीक्षक ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी व्यक्तिगत एवं सुरक्षा संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। छात्राओं को विश्वास में लेकर उनकी परेशानियां सुनी गईं तथा सामने आई समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए मौके पर आवश्यक समाधान किया गया। साथ हीए छात्राओं को भरोसा दिलाया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर वे बिना किसी झिझक के पुलिस से सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

पुलिस टीम ने छात्राओं को दुर्गा शक्ति टीम की भूमिका एवं कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह टीम महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है। इसके अतिरिक्त, छात्राओं को पोक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों, बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों तथा शिकायत दर्ज करवाने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल-112 तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 के बारे में जानकारी दी गई। जिला पुलिस ने छात्राओं से अपील की है कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहें। किसी भी प्रकार के उत्पीड?, शोषण या गलत व्यवहार की जानकारी छिपाएं नहीं, बल्कि बिना किसी भय या झिझक के इसकी सूचना पुलिस को दें।

सावित्रीबाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिवाली के उपलक्ष्य में प्रार्थना सभा का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
बाबैन 6 नवंबर (संदीप दहिया)। सावित्री बाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बाबैन में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं आकर्षक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दीपावली के महत्व, भारतीय संस्कृति, परंपराओं और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपावली के महत्व को दर्शाते हुए किया गया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से सभी को बताया कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का त्योहार ही नहीं, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर



सत्य की विजय का प्रतीक है। विशेष सभा का मुख्य आकर्षण रामायण पर आधारित एक सुंदर एवं प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति रही। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों, माता सीता के त्याग, लक्ष्मण की निष्ठा तथा हनुमान जी की भक्ति को अपने अभिनय के माध्यम से जीवंत कर दिया। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने मयार्दा, सत्य, धर्म, प्रेम और बड़ों के सम्मान जैसे जीवन मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दीपावली की खुशियों को मंच पर साकार किया। रंग-बिरंगे परिधानों और उत्साह से भरी प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने तालियों के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पटाखा रहित एवं प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने के लिए विशेष रूप से जागरूक किया गया। बच्चों को समझाया गया कि पटाखों से निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण बढ़ाता है, तेज आवाज से बुजुर्गों, छोटे बच्चों और पशु-पक्षियों को परेशानी होती है तथा पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इसलिए सभी को मिट्टी के दीये जलाकर, घरों को सजाकर, मिठाइयां बांटकर और जरूरतमंदों के साथ खुशियां साझा करके सुरक्षित एवं हरित दीपावली मनानी चाहिए।

विद्यार्थियों को यह भी प्रेरित किया गया कि वे स्वयं प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाएं और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती खुशबू सैनी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति और संस्कारों का अभिन्न हिस्सा हैं। हमें प्रत्येक त्योहार को उसके वास्तविक महत्व और सकारात्मक संदेश के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने तथा सुरक्षित, स्वच्छ और खुशहाल दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के एमडी श्री अक्षय सैनी ने भी सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में अच्छे संस्कार, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों का विकास करना भी है।

जागरूक मतदाता देश का भविष्य अच्छी प्रकार समझ सकता हैः दुर्गा देवी

समालखा ,(संजय नरवाल)
पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल समालखा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और प्रतियोगिता के प्रति काफी उत्साह दिखाया ये प्रतियोगिता प्रधानाचार्य दुर्गा देवी जी के कुशल मार्गदर्शन में और ईएलसी इंचार्ज यशवीर सिंह प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान के नेतृत्व में संपन्न हुई सोनिया चावला प्रवक्ता अर्थशास्त्र द्वारा प्रश्नोत्तरी के प्रति बच्चों को पहले



तो प्रेरित किया गया फिर प्रतियोगिता का सफल आयोजन करवाया गया निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महक सपुत्री अनिल कुमार द्वितीय स्थान तनु सपुत्री शाहीन द्वारा प्राप्त किया गया इसी तरह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नरगिस सपुत्री प्रवीण व सुहानी सुपुत्री अजय द्वारा प्राप्त किया गया। इस प्रतियोगिता का सफल संचालन में सभी स्टाफ सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया विशेष रूप से राजूराम, मनजीत ,संजय, अनिल दहिया, ईश्वर सिंह, सुषमा, प्रीति आदि ने उपस्थिति दर्ज की।



संजीव कौशिक, ब्यूरो चीफ, एक्शन इंडिया, सोनीपत (99912 70143)

की ओर से राई विधानसभा की लोकप्रिय विधायक श्रीमती कृष्णा गहलावत

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



राई की लोकप्रिय विधायक

श्रीमती कृष्णा गहलावत

को

जन्मदिन

की हार्दिक शुभकामनाएं

एवं सभी सोनीपत वासियो को

दीपावली

की हार्दिक शुभकामनाएं



आशा रानी
चेयर पर्सन, ब्लॉक समिति मुरथल



संजय कुमार
भाजपा नेता, ग्रीवेंस कमेटी मेंबर झुंडपुर, सोनीपत



सीमा प्रदीप सबोली
चेयर पर्सन, ब्लॉक समिति राई



प्रदीप सबोली
भाजपा नेता



सुखबीर कौशिक
सरपंच, सफियाबाद



गौरव कौशिक
भाजपा नेता



रमेश
सरपंच, महेंदीपुर



सुनील ऊर्फ शीलू
मेहंदीपुर, भाजपा नेता



प्रमोद शर्मा
भाजपा नेता, मुरथल



कुलदीप नांगल
पूर्व चेयरमैन मार्किट कमेटी, सोनीपत



मनोज दहिया
नाहरा, भाजपा नेता



अमित दहिया
नाहरा, भाजपा नेता